रोहतक

बुधवार 28 जनवरी 2026

माघ मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 359
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 21.9
न्यून. 5.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,857.48 | 319.78 ▲ |
| निफ्टी | 25,175.40 | 126.75 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **तेजी** |
| सोना | 1,64,330/- | 1400/- ▲ |
| चांदी | 3,58,000/- | 12000/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 91.71 | 19 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 65.60 बैरल | | 0.02% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*






लंबी वार्ता के बाद बनी सहमति, 2027 में होगा लागू

# भारत व यूरोपियन यूनियन में 18 वर्ष बाद व्यापार समझौता

## दोनों वैश्विक जीडीपी का करीब 25% और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक तिहाई हिस्सा रखते हैं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच 18 साल की लंबी बातचीत के बाद मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) हो गया है। भारत और यूरोपियन यूनियन के नेताओं ने मंगलवार को 16वें भारत-ईयू समिट के दौरान इसका ऐलान किया। समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110% से घटाकर 10% कर दिया जाएगा। भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150% टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20–30% किया जाएगा। एफटीए से भारत के 9425 सामानों पर छूट मिलेगी। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि ईयू दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का करीब 25% और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं। *(पेज 8 भी देखें)*

- भारत के 9425 सामानों पर मिलेगी छूट



- भारत में बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज कारों पर 110% की जगह 10 फीसदी टैक्स लगेगा
- यूरोप से आने वाली शराब पर 150% की जगह 20 से 30% टैक्स देना होगा

### भारतीय निर्यात को यह फायदा

- भारत के 99% से ज्यादा सामान अब यूरोपीय देशों में कम या बहुत कम टैक्स के बिकेंगे।
- कपड़ा, चमड़ा, मछली, ज्वेलरी सेक्टर में 33 अरब डॉलर के निर्यात को सीधा फायदा।
- इन सामानों पर लगने वाला 10 फीसदी टैक्स एफटीए लागू होते ही खत्म हो जाएगा।
- कार और ऑटो सेक्टर में सीमित छूट मिलेगी ताकि भारतीय कंपनियों को नुकसान न हो।

### किसानों को यह लाभ

- भारत ने दूध, अनाज, डेयरी, पोल्ट्री, फल-सब्जियों जैसे क्षेत्रों को एफटीए से बाहर रखा है।

### प्रोफेशनल्स के लिए बड़ा बाजार

- भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स और एजुकेशन सर्विसिज को ईयू से बड़ा बाजार मिलेगा।
- भारतीय पेशेवरों को ईयू के 144 सर्विस सेक्टर में काम करने का मौका मिलेगा। ईयू के 102 सर्विस सेक्टर को भारत में एंट्री मिलेगी।
- भारतीय पेशेवरों का यूरोपीय यूनियन में काम और व्यापार के लिए जाना आसान होगा।
- डिजिटल पेमेंट, ऑनलाइन सेवाएं और नई तकनीकों को बढ़ावा मिलने से रोजगार बढ़ेंगे।

### गोवा से जुड़ी पहचान मेरे लिए गर्व की बात : कोस्टा

यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने खुद को प्रवासी भारतीय बताया। उन्होंने कहा कि मैं यूरोपीय परिषद का अध्यक्ष हूं, लेकिन साथ ही मैं एक ओवरसीज इंडियन सिटिजन भी हूं। इसलिए, जैसा आप समझ सकते हैं, मेरे लिए इसका एक खास भावनात्मक मतलब है। मुझे अपनी गोवा से जुड़ी पहचान पर बहुत गर्व है, जहां से मेरे पिता का परिवार आया है।

### एफटीए साझा समृद्धि का खाका दुनिया में लाएगा स्थिरता : मोदी

भारत-यूरोपीय फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता वैश्विक भलाई के लिए साझा समृद्धि का एक खाका है। यह दुनिया में स्थिरता लाएगा। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नई इनोवेशन साझेदारियां बनेंगी और वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन मजबूत होगी। यह सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि का रोडमैप है।

### उर्सुला बोलीं- 43 हजार करोड़ रुपये के टैरिफ कम होंगे

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से हर साल करीब 4 अरब यूरो (43 हजार करोड़) के टैरिफ कम होंगे और भारत व यूरोप में लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए मौके बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारत-ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट दुनिया को साफ संदेश देता है कि आज की ग्लोबल चुनौतियों का सबसे अच्छा जवाब आपसी सहयोग है।

## देशभर में यूजीसी के नए नियमों का विरोध

**नई दिल्ली।** देशभर में सामान्य श्रेणी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज है। नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेडिंग की गई। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। वहीं नियम के खिलाफ वकील विनीत जिंदल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें नियम पर रोक की मांग की गई है।

- देश के कई हिस्सों में हो रहे विरोध प्रदर्शन

### क्या है नए नियम और विवाद

यूजीपी के नए नियमों के तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। *(पेज 5 भी देखें)*



हिसार के खेतों में पड़े ओले

## 10 जिलों में ओले गिरे, 7 में बारिश, सरसों को नुकसान

**हरियाणा (हरिभूमि टीम )।** प्रदेश में मंगलवार को 10 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। इनमें भिवानी, करनाल, पानीपत, रोहतक, हिसार, फतेहाबाद, नारनौल, अंबाला, यमुनानगर और झज्जर शामिल हैं। वहीं, ओलावृष्टि से भिवानी, हिसार, यमुनानगर में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। इससे सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा।

**आगे क्या :** मौसम विभाग के अनुसार सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। गुरुग्राम 5.8 डिग्री के साथ सबसे ठंडा जिला रहा। हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद और सिरसा में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है। ठंडी हवाएं चलने से दिन में भी कड़कड़ाती ठंड का अहसास हो रहा है।

### गेहूं में अभी बालियां नहीं इसलिए कम नुकसान

हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेहूं विशेषज्ञ डॉ. ओपी बिश्नोई ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं को अभी कोई खास नुकसान नहीं पहुंचेगा, क्योंकि अभी गेहूं के पौधे में बालियां नहीं आई हैं। अगर बालियां निकलने के बाद ओले गिरते तो नुकसान बढ़ सकता था। मगर, इस ओलावृष्टि से सरसों को नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि सरसों में फूल और 50 प्रतिशत फलियां निकली हुई हैं। ओले गिरने से इनके झड़ने का डर है। वहीं, ओलावृष्टि से टमाटर, सरसों, मटर की फसल खराब होने का अंदेशा बना हुआ है।

## हरियाणा में 25 से 12वीं व 26 से 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेट शीट जारी कर दी है। इसके अनुसार, 25 फरवरी से 12वीं कक्षा की और 26 फरवरी से 10वीं कक्षा की परीक्षाएं शुरू होंगी। इन परीक्षाओं में करीब 5 लाख 21 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन कुमार के मुताबिक, इस बार परीक्षाओं में कुछ बदलाव किए गए हैं। हर विद्यार्थी के लिए उसका परीक्षा केंद्र स्कूल या गांव से ज्यादा से ज्यादा दो किलोमीटर दूर ही होगा। इसके साथ ही आंसर शीट पर इस बार क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार हरियाणा में पिछले साल के मुकाबले 56 हजार 468 अधिक परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे।

- 5 लाख 21 हजार छात्र देंगे एग्जाम

### पिछली बार से अधिक परीक्षार्थी

हरियाणा बोर्ड में मार्च 2025 की वार्षिक परीक्षाओं के दौरान 10वीं के 2 लाख 71 हजार 499 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। वहीं, 12वीं के 1 लाख 93 हजार 828 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस बार 10वीं के 2 लाख 78 हजार 334 विद्यार्थी और 12वीं के 2 लाख 43 हजार 461 विद्यार्थी (कुल 5 लाख 21 हजार 795 विद्यार्थी) परीक्षा देंगे।

ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव, पांच अफसरों के विभाग बदले

## होम सेक्रेटरी बने सुधीर राजपाल सुमिता देखेंगी स्वास्थ्य विभाग



सुधीर राजपाल



सुमिता मिश्रा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने टॉप ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव किया है। 5 अधिकारियों के विभाग बदले गए हैं। 1990 बैच की आईएएस अधिकारी डॉ. सुमिता मिश्रा को हटाकर सुधीर राजपाल को गृह विभाग का एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (एसीएस) लगाया है। राजपाल को साथ में जेल, क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन और वन विभाग में भी एडिशनल चीफ सेक्रेटरी लगाया गया है। सुमिता मिश्रा को फाइनेंस कमिश्नर, रेवेन्यू एंड डिजास्टर मैनेजमेंट विभाग और एकीकरण विभाग में एसीएस लगाया गया है। इसके अलावा उन्हें, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग और आयुष विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है। पहले स्वास्थ्य विभाग सुधीर राजपाल के पास था।

**अरुण गुप्ता सीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी:** 1992 बैच के आईएएस अधिकारी अरुण गुप्ता को मुख्यमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के अलावा वित्त एवं योजना विभाग में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है।

**विनय कुमार :** 2015 बैच के इंडियन रेलवे पर्सनल सर्विस (आईआरपीएस) अधिकारी विनय कुमार को पंचकूला नगर निगम में कमिश्नर लगाया गया है।

**राम कुमार :** 2012 बैच के आईएएस अधिकारी राम कुमार सिंह को रेवेन्यू एंड डिजास्टर मैनेजमेंट विभाग में स्पेशल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है।

**साकेत कुमार केडीबी के सदस्य सचिव :** 2005 बैच के आईएएस अधिकारी साकेत कुमार को शहरी स्थानीय निकाय विभाग (यूएलबी) में कमिश्नर और सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें अपने वर्तमान दायित्वों के अलावा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) का सदस्य सचिव भी बनाया गया है।

## अग्निवीर ने पंखे से लटक कर दी जान, सेना ऑफिस में मिला शव

**अंबाला (हरिभूमि न्यूज)।** अंबाला छावनी में तैनात एक अग्निवीर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव सेना एरिया के एक ऑफिस में पंखे पर लटका मिला। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के हापुड़ के मोइन खान (24) के रूप में हुई है। मोइन सेना की 11 ग्रेनेडियर यूनिट की क्लर्क विंग में तैनात थे। सेना आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।



### कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**सिरसा।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहे छात्र ने कोटा में आत्महत्या कर ली। वह पिछले 2 साल से कोटा में रहकर था। मृतक की पहचान हिमायूं खेड़ा के सरताज सिंह के रूप में हुई है। सरताज ने सुसाइड से 20 मिनट पहले फोन पर मां से बात की थी। कॉल कट करते ही युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। परिजनों का कहना है कि अब वह 12 वीं की परीक्षा की तैयारी में जुटा था। 25 जनवरी को वह ट्रेन से घर लौटने वाला था, लेकिन उससे पहले उसने सुसाइड कर लिया।

## बजट उम्मीद : कर स्लैब को महंगाई से जोड़ने की मांग

### घरेलू आर्थिक मजबूती बड़ा मुद्दा



# रोज के खर्च अब भी जेब पर भारी हाथ में अधिक पैसा चाहते हैं लोग

**नई दिल्ली (सेंट्रल डेस्क)।** भारतीय परिवारों पर जैसे-जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की बढ़ती लागत का दबाव बढ़ रहा है, वे सरकार से वित्तीय स्थिरता बहाल करने और हाथ में आने वाली आय (डिस्पोजेबल इनकम) बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि खुदरा महंगाई दर पर 1.33% पर है, लेकिन रोजमर्रा के खर्च अब भी परिवारों के बजट पर भारी पड़ रहे हैं। वार्षिक बजट से पहले घरेलू आर्थिक मजबूती एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। बजट की चर्चाएं अक्सर वेतनभोगी भारतीयों के लिए एक ही सवाल पर आकर टिक जाती हैं कि क्या मध्यमवर्गीय परिवारों को मासिक नकदी प्रवाह में राहत मिलेगी? 30% कर स्लैब की सीमा बढ़ाने, बीच की दरों को अधिक संतुलित बनाने और कर स्लैब को महंगाई से जोड़ने पर चर्चा बढ़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बजट 2026 सरल नई कर व्यवस्था की ओर बढ़ता है, जिसमें स्पष्ट बचत प्रोत्साहन हों, साथ ही जीएसटी सरलीकरण और बुनियादी ढांचे, हरित ऊर्जा तथा एमएसएमई पर निरंतर खर्च हो तो घरेलू विश्वास में सुधार हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले बजट में आयकर ढांचे को काफी हद तक सरल किया था।

***सर्वदलीय बैठक में बजट सत्र को लेकर हुई चर्चा (पेज-5 पर)***

### घरेलू वित्तीय स्थिरता जरूरी

36.3% लोगों का मानना है कि आयकर में कटौती 2026 में घरेलू वित्तीय स्थिरता को सबसे अधिक सुधार देगी। इससे पता चलता है कि परिवार तंग मासिक बजट के बीच तत्काल राहत चाहते हैं।

### किफायती आवास की मांग

10.4% लोगों ने किफायती आवास के लिए अधिक सरकारी समर्थन की मांग की। संकेत मिलता है कि आवास वहनीयता महत्वपूर्ण मुद्दा तो है, लेकिन कर राहत और महंगाई के दबाव की तुलना में यह द्वितीयक प्राथमिकता है।

**वस्तुओं की लागत घटे :** 35.6% लोगों ने कहा कि वस्तुओं की लागत कम करने के लिए स्थानीय उत्पादन को सक्षम बनाना घरेलू वित्त पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे कीमतें घट सकती हैं और आयात पर निर्भरता कम हो सकती है।

### रोजगार भी चिंता

17.7% नागरिकों ने अधिक रोजगार-आधारित योजनाओं की मांग की जो रोजगार सृजन और आय सुरक्षा को लेकर चिंताओं को दर्शाता है।

### लोगों के अनुकूल हो कर ढांचा

भारत ने पिछले दशक में अपने कर प्रशासन का आधुनिकीकरण किया है। डिजिटलीकरण, डेटा एकीकरण और फेसलेस प्रक्रियाओं ने पारदर्शिता बढ़ाई है और विवेकाधिकार को कम किया है। फिर भी युवा पेशेवरों, गिग वर्कर्स और फ्रीलांसरों जैसे बढ़ते करदाता वर्ग के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करना अब भी जटिल बना हुआ है।

### डीक्रीमिनलाइजेशन जरूरी

आयकर कानून के तहत अपराध मुक्तिकरण (डीक्रिमिनलाइजेशन) एक प्रमुख सुधार प्राथमिकता बना हुआ है। कई प्रावधान अब भी अनुपालन में चूक या व्याख्यात्मक विवादों से उत्पन्न चूकों के लिए करदाताओं को अभियोजन के जोखिम में डालते हैं। जानबूझकर की गई धोखाधड़ी या बड़े पैमाने पर कर चोरी जैसे मामलों तक अभियोजन को सीमित करना और तकनीकी चूकों के लिए तर्कसंगत दरों पर स्वचालित या समयबद्ध निपटान (कंपाउंडिंग) की व्यवस्था करना संतुलन बहाल करेगा और निवारक प्रभाव बनाए रखते हुए स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करेगा।




## एसवाईएल पर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों की हुई अहम बैठक

# अभी तो कोई नतीजा नहीं अब अगली बैठक से उम्मीद

**दोनों राज्यों में बनी सहमति आगे भी अधिकारी स्तर पर बातचीत होगी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा और पंजाब के बीच में एसवाईएल (सतलुज यमुना लिंक नहर) को लेकर मंगलवार को चंडीगढ़ में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला, अब अगली बैठक से उम्मीद जगी है। बैठक में बिंदुवार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी और पंजाब के कैबिनेट मंत्री बीरेंद्र गोयल भी मौजूद रहे। बैठक के बाद में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। वैसे, तो दोनों ही मुख्यमंत्रियों ने बातचीत को सकारात्मक और बढ़िया बताया। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने पवन गुरु पानी पिता माता धरत महत, का संदेश दिया है। यह गुरुओं की पावन धरती है और गुरुओं की शिक्षाएं आज भी हमारे लिए अनमोल रतन हैं, जो हमारे लिए मार्गदर्शक है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह बैठक बेहद सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। जब बातचीत अच्छे माहौल में होती है, तो उसका परिणाम भी सार्थक निकलता है।



चंडीगढ़। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और पंजाब के सीएम भगवंत मान एसवाईएल पर आयोजित संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए। साथ में हैं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी, पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल और हरियाणा एवं पंजाब के प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### बैठक बड़े ही अच्छे माहौल में हुई : मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आज की बैठक बड़े ही अच्छे माहौल में हुई है और इस बात पर सहमति बनी है कि पहले दोनों राज्यों के अधिकारी मिलकर इस मसले पर बैठक करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है और आज की बैठक भी उसी दिशा में आयोजित की गई आगे भी बैठक की जाएगी।

### जनता को गुमराह कर रही सरकार: राव नरेंद्र सिंह

चंडीगढ़। एस वाई एल के मुद्दे को लेकर हुई बैठक को हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने निराधार और बैठकों का खेल बताया। इस तरह की बैठकों से जनता को गुमराह किया जा रहा है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही हरियाणा के पक्ष में फैसला दे चुका है। उन्होंने ने मांग की, कि हरियाणा सरकार को पंजाब सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का मुकदमा दायर करना चाहिए। अब बातचीत का कोई औचित्य नहीं बचा है।

### बैठक का मकसद पंजाब चुनाव: अभय चौटाला

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि बैठक का मकसद पंजाब चुनाव तक सतलुज जमुना लिंक नहर के निर्माण को टालना है। अगर अधिकारियों के जरिए ही इस समस्या का समाधान निकलता तो दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों को बैठक करने की क्या जरूरत थी। यह सारी कार्यवाही जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए की जा रही है। भाजपा और आम आदमी पार्टी आपस में मिली हुई है। पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान कहते थे कि हरियाणा को एक बूंद भी पानी नहीं देंगे।

## सीएम ने मंत्री, सांसद और विधायकों के साथ बजट पूर्व किया परामर्श

■ राज्य का बजट आंकड़ों का नहीं बल्कि जन आकांक्षाओं का दस्तावेज होगा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता और विधायकों द्वारा दिए सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर ऐसा बजट तैयार करेंगे जिससे हरियाणा के हर नागरिक के चेहरे पर विश्वास और उम्मीद की मुस्कान आएगी। उन्होंने कहा कि 2026-27 के बजट तैयार करने में आईटी और एआई की अहम भूमिका रहेगी। 6 जनवरी से आंरभ की एआई आधारित ऐप पर बजट पूर्व परामर्श के माध्यम से 9 हजार से अधिक सुझाव अब तक प्राप्त हो चुके हैं, सीएम मंगलवार को पंचकूला में हरियाणा विजन 2047 कार्य योजना पर मंत्री, सांसद और विधायकों के साथ बजट पूर्व परामर्श कर रहे थे। बैठक में राज्यसभा, लोकसभा सांसदों, विधायकों एवं मंत्रियों ने बजट को लेकर विस्तार से सुझाव दिए।

### बैठक में विपक्ष के नहीं आने पर मुख्यमंत्री ने जताई चिंता

चंडीगढ़। भाजपा संगठन की अहम बैठक पंचकूला एमडीसी स्थित प्रदेश आफिस में की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने पार्टी पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की और प्री बजट बैठकों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विपक्षियों के बैठक में नहीं आने पर चिंता जाहिर करते हुए साफ किया कि पिछली बार विपक्ष की ओर से आए सुझावों को भी इसमें शामिल किया गया था।


## कार्यालय नगर परिषद, झज्जर

### सार्वजनिक सूचना

झज्जर में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में फ्लैट का 271 लाभार्थियों का फिजिकल वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। जिन 136 लाभार्थियों का फोन स्विच ऑफ है, कुछ लाभार्थी रिस्पॉन्स नहीं दे रहे हैं, नगर परिषद् झज्जर द्वारा अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हरिभूमि अखबारों में सूचित किया जा चुका है कि वे जल्द से जल्द फिजिकल वेरिफिकेशन की प्रकिया को पूरी कर सके। सभी लाभार्थी अपनी सूची को नगर परिषद् झज्जर के नोटिस बोर्ड में जाकर देख सकते हैं। अब उन्हें सूचित किया जाता है कि वे जल्द से जल्द सोमवार से शुक्रवार किसी भी कार्यदिवस में हाउसिंग फॉर ऑल के अधिकारी अरुण सागू मोबाइल नंबर 9255494911 / व्हाट्सअप और ZCRIM अधिकारी रेणु मोबाइल नंबर 8168841870 से संपर्क करें। अगर कोई जवाब नहीं मिलता है तो ए समझा जाएगा कि वो इस योजना का लाभ नहीं लेना चाहते हैं। इसके उपरांत अगर वो सात दिनों के अंदर फिजिकल वेरिफिकेशन की प्रकिया को पूरी नहीं कर पाए तो हाउसिंग फॉर ऑल के दिशानिदेर्शानुसार उन लाभार्थियों को स्वतः ही सूची से निरस्त कर दिया जाएगा। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 9255494911,8168841870

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद, झज्जर

संवाद-1078/11/951/2026/42379/सी/88/6 दि. 27.01.26



## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
फोन नं. 0172-2586501, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

### विज्ञा. सं. 1/2026 के लिए आयु छूट और तिथि विस्तार हेतु सार्वजनिक सूचना

ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल अर्थात https://adv012026.hryssc.com के माध्यम से 01.01.2026 को प्रकाशित पुरुष कांस्टेबल (जीडी), श्रेणी सं. 1, महिला कांस्टेबल (जीडी), श्रेणी सं. 02 और पुरुष कांस्टेबल (राजकीय रेलवे पुलिस), श्रेणी सं. 03 के लिए सीईटी फेज-II विज्ञापन सं. 1/2026 के संदर्भ में।

(I) मेमो नं. 30/3/2026-5एचजी-1 दिनांक 19 जनवरी 2026 के तहत, सरकार ने उपरोक्त सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों को निर्धारित सम्बन्धित ऊपरी आयु सीमाओं के अतिरिक्त एक बारगी तीन वर्षीय (03) छूट प्रदान की है।

(II) विज्ञा. सं. 1/2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल हेतु अन्तिम तिथि 31.01.2026 तक अप. 11:59 बजे तक बढ़ा दी गई है।

यह ध्यान दें कि किन्हीं भी परिस्थितियों में आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव,
दिनांक : 22 जनवरी 2026 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/696/2026/42382/88/6 दि. 27.01.26 — पंचकूला


### खेल कोटे पर नियुक्तियों में बेवजह याचिका दायर करने पर हाईकोर्ट सख्त

# याचिकाकर्ताओं पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना

■ हरियाणा सरकार व एचसीएस अफसरों की रिव्यू याचिकाएं खारिज

चंडीगढ़। हाईकोर्ट ने हरियाणा के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति से जुड़े मामले में बेवजह याचिका दायर करने पर हरियाणा सरकार और सेवारत हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) अधिकारियों द्वारा दाखिल दो रिव्यू याचिकाओं को खारिज कर दिया है। अदालत ने इस मुकदमेबाजी को बेवजह और परेशान करने वाली करार देते हुए दोनों याचिकाकर्ताओं पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने इससे पहले दिए गए उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी भर्ती एवं सेवा शर्ते नियम, 2018 के तहत दो उम्मीदवारों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए थे। कोर्ट ने साफ किया कि एक बार चयन प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद सरकार या अन्य पक्ष नियम बदलकर उम्मीदवारों के अधिकारों को खत्म नहीं कर सकते। सुनवाई के दौरान एचसीएस अधिकारियों की ओर से तर्क दिया गया कि वे इस मामले में आवश्यक पक्षकार हैं, क्योंकि यदि 2018 के नियमों के तहत सीधी भर्ती की गई तो उनकी वरिष्ठता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि इन नियमों में हरियाणा लोक सेवा आयोग की प्रक्रिया को दरकिनार कर ग्रुप-ए पदों पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी भर्ती का परविधान है और साथ ही पिछली तारीख से वरिष्ठता भी मिलती है।

### किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम भुगतान पर हाईकोर्ट ने कहा

# कच्ची पर्ची के खिलाफ मांग पर एसीएस लें निर्णय

■ कागजों में फसलें एमएसपी पर भुगतान कम

चंडीगढ़। हरियाणा की अनाज मंडियों में आढ़तियों द्वारा किसानों को दी जा रही तथाकथित 'कच्ची पर्ची' की व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए इस पूरे सिस्टम को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट दायर की गई है। यह जनहित याचिका कृषि वैज्ञानिक डा. वीरेंद्र सिंह लाठर द्वारा दायर की गई है। डा. लाठर ने याचिका में मांग की है कि किसानों को दी जाने वाली 'कच्ची पर्ची' प्रणाली पर तत्काल रोक लगाई जाए और इसके स्थान पर अनिवार्य रूप से मुद्रित बिक्री रसीद जारी की जाए। मंगलवार को याचिका का निपटारा करते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू ने याची को छूट दी कि वह कृषि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को इस बाबत मांग पत्र दे व अतिरिक्त मुख्य सचिव उस पर उचित निर्णय लेंगे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह समानांतर और अनौपचारिक व्यवस्था न केवल अवैध है, बल्कि इसके जरिए किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम भुगतान कर व्यापक स्तर पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। याचिका में स्पष्ट किया गया है कि यह मुद्रित रसीद संबंधित दुकान का नाम और पता, क्रमांक तथा तिथि सहित होनी चाहिए और फसल की बिक्री के तुरंत बाद किसान को उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि लेन-देन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।


## कार्यालय, पुलिसअधीक्षक, (हिसार)

मु०न० 2 दिनांक 03.01.2026 धाराभा०द०स०127(6) BNS थानाअर्बन एस्टेट, हिसार



नाम :- अंजलि (21 वर्ष) मनु (4 माह)
पति का नाम :- नवीन
पता :- 1376, नजदीक तेल डिपो, इंद्रा नगर, हिसार
गुमशुदा की पहचान :- अंजलि W/o नवीन R/o 1376, नजदीक तेल डिपो, इंद्रा नगर, हिसार की रहने वाली है जो 03.01.2026 से अपने 4 माह के बेटे मनु के साथ लापता है। जिसका पतला शरीर, रंग सावला, चेहरा लम्बा, कद 5 फुट और भूरे रंग का सलवार सूट पहने हुए है। किसी सज्जन को इनके बारे में पता चले तो कृपया निम्न फ़ोन नंबर पर सूचित करे।
कृपयायहांसूचितकरें
प्रबन्धकथाना :- अर्बन एस्टेट हिसार, 88140-11310
पुलिस कण्ट्रोल हिसार : 01662-237150

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृतेःपुलिस अधीक्षक,
(हिसार)


### मुरथल कांड : कोर्ट मित्र का हाईकोर्ट में खुलासा, सबूतों को सेनिटाइज कर किया गया पेश

चंडीगढ़। मुरथल सामूहिक दुष्कर्म कांड को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। करीब एक दशक बाद भी इस संवेदनशील मामले की जांच पर उठे संदेह अब और गहरे होते नजर आ रहे हैं। मंगलवार को चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ के समक्ष पेश हुए अमिकस क्यूरी ( कोर्ट मित्र ) एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अनुपम गुप्ता ने कहा कि इस मामले में अदालत के सामने पेश किए गए साक्ष्यों को इस तरह "सेनिटाइज" यानी छान-छान कर रखा गया, ताकि ऐसा लगे मानो कोई अपराध हुआ ही नहीं।

### हाईकोर्ट ने 50 किलो गोमांस सप्लाई के आरोपित को अग्रिम जमानत से किया इनकार

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने चंडीगढ़ में 50 किलोग्राम गोमांस की अवैध आपूर्ति के गंभीर मामले में आरोपित को कोई राहत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने आरोपित की यह दलील सिरे से खारिज कर दी कि उसे मलेरकोटला और सहारनपुर के मांस विक्रेताओं ने भैंस का मांस बताकर गोमांस थमा दिया था। जस्टिस अराधना साहनी ने इसे चतुराई भरी और बाद में गढ़ी गई कहानी करार देते हुए कहा कि दो अलग-अलग स्थानों के लाइसेंसधारी दुकानदारों द्वारा एक साथ गलतबयानी किया जाना अपने-आप में अविश्वसनीय है।

### गुरुग्राम में परेड की सलामी लेते सीएम



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला गुरुग्राम में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इससे पहले उन्होंने वीर शहीदी स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस, महिला पुलिस, होमगार्ड तथा स्काउट्स सहित विभिन्न टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया और उन्हें सलामी ली।

### गोहाना में भाई ने अपनी बहन की पीट-पीटकर हत्या की

गोहाना। गांव शामड़ी में एक ग्रामीण ने डंडों से पीट-पीटकर अपनी बहन संतोष की हत्या कर दी। वह 58 वर्ष की थी। दोनों की खेत में कहासुनी हुई थी जिसके बाद भाई ने वारदात को अंजाम दिया। उसे गंभीर हालत में भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरे भाई की शिकायत पर मौत के कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट और चिकित्सक की राय के आधार पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि संतोष ने खेत की डोल से पेड़ काटने का विरोध किया तो भाई रोहताश ने उसे डंडों से पीट दिया। मुंडलाना चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संतोष ने डोल से पेड़ काटने का विरोध करने पर उसके भाई रोहताश ने डंडों से पीटा था।


## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तरी रेलवे, अंबाला मंडल, अंबाला मंडल की वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से 16.02.2026 को दोपहर 15:00 बजे तक व्यक्तिगत संस्थाओं/सांझेदारी फर्मो/कम्पनियों/स्वयं सहायता समूहों/सहकारी समितियों आदि तथा सामान्य श्रेणियों से अंबाला मंडल में पांच वर्ष की अवधि के लिए खानपान स्टॉल जीएमयू (सामान्य लघु इकाई) के संचालन हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | स्टेशन का नाम | स्टेशन कैटेगरी | स्टाल सं. | स्थान | टेंडर डाक्यूमेंट्स का मूल्य + @18% GST प्रति टेंडर (रूपए में) | प्रथम वर्ष के लिए आरक्षित मूल्य (रूपए में) | बयाना राशि (रूपए में) | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UMB-CTG-RPJ-GMU-01-26 | राजपुरा | एनएसजी-4 | RPJ-01 | प्लेटफार्म सं. 01 | 2,950 | 3,39,950/- | 1,76,800/- | सामान्य |
| 2 | UMB-CTG-RPJ-GMU-02-26 | राजपुरा | एनएसजी-4 | RPJ-03 | प्लेटफार्म सं. 2/3 | 2,950 | 3,39,950/- | 1,76,800/- | सामान्य |

नोटः ई-निविदा प्रपत्र और दस्तावेज 16.02.2026 को दोपहर 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे। रेलवे प्रशासन बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी ई-निविदाओं को स्थगित/संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सं.: NR-UMB0COML(CG)/4/2023 Dated: 27 January, 2026 — 285/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय डिप्टी कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी (एनएसईएल), मुम्बई

द्वितीय तल, डी.डी. बिल्डिंग, एमपीआईडी-एनएसईएल ब्रांच, ओल्ड कस्टम हाउस, मुम्बई-400001.

ऑनलाइन नीलामी के लिए सूचना

बिक्री की सूचना

### माननीय सर्वोच्च न्यायालय कमेटी द्वारा आदेश

रिट याचिका (सिविल) नं. 995/2019 में इसके आदेश दिनांक 04.05.2022 के तहत माननीय भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित सर्वोच्च न्यायालय कमेटी (यहां इसके पश्चात "एससीसी" के रूप में संदर्भित) द्वारा पारित आदेश दिनांक 16.01.2026 के अनुसरण में, एससीसी ने "जैसा है जहां है और जो भी है वहां है आधार" पर सक्षम प्राधिकारी (यहां इसके पश्चात 'सीए' के रूप में संदर्भित) द्वारा ई-नीलामी के माध्यम से नीचे वर्णित संलग्न सम्पत्ति की बिक्री में सहायता करने के लिए नीलामी ऑक्शनीयर प्रा. लि. (यहां इसके पश्चात "दि एजेंसी" के रूप में संदर्भित) को नियुक्त किया है।

"सीए" एतद द्वारा सम्पत्ति के लिए धरोहर राशि जो सम्पत्ति की बिक्री के लिए एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान की जानी है, के तौर पर नीचे तालिका में वर्णित अनुसार बोली जमा के साथ-साथ इच्छुक बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित करते हैं :

| क्र. सं. | स्थान | सम्पत्ति का विवरण | क्षेत्रफल | आरक्षित मूल्य (आईएनआर) | ईएमडी राशि (आईएनआर) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोनीपत में प्लॉट | प्लॉट नं. डी-12 डिवाइन सिटी, गन्नौर, जिला सोनीपत, हरियाणा-131001. (Geo Coordinates: 29°07'40.7"N 77°02'38.1"E) | 676 वर्ग गज | 3,65,00,000 | 36,50,000 |

ईएमडी जमा करने की अन्तिम तिथि : 20 फरवरी 2026 अप. 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि : 27 फरवरी 2026 अप. 03:00 बजे से अप. 04:00 बजे तक

इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए एतद द्वारा आमंत्रित किया जाता है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें और नीलामी कार्यक्रम नीलामी पोर्टल www.neelami.co.in पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदाता पंजीकरण और भाग लेने के लिए पोर्टल पर पधार सकते हैं। किसी सहायता अथवा प्रश्नों हेतु, इच्छुक बोलीदाता नीलामी ऑक्शनीयर प्रा. लि. से auction@neelami.co.in पर ई-मेल अथवा सम्पर्क नं. +91 82915 10300 व्हाट्स ऐप +9182915 10400 के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं।

स्थान : मुम्बई — डिप्टी कलेक्टर एवं
दिनांक : 28.01.2026 — सक्षम प्राधिकारी (एनएसईएल) मुम्बई



## कार्यालय, पुलिसअधीक्षक, (हिसार)

अभियोग संख्या 14 दिनांक 16.01.2026 धारा 127(6) थाना शहर, हिसार



नाम :- सतबीर (42 वर्ष) पुत्र मांगे राम
पता :- 178, मोरी गेट, हिसार
गुमशुदा की पहचान :- सतबीर (42 वर्ष) पुत्र मांगे राम वासी 178, मोरी गेट, हिसार का रहने वाला है जो 31 दिसम्बर 2025 से लापता है। जिसने लाल रंग की चेक की शर्ट और हलके नीले रंग की पैंट पहन रखी है जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। किसी भी सज्जन को इसके बारे में जानकारी हो तो निम्न फ़ोन नम्बर पर सूचित करें।
कृपया यहां सूचित करें-
प्रबन्धकथाना :- शहर हिसार, 88140-11306
मोहरर थाना :- 92540-42961
पुलिस कण्ट्रोल हिसार : 01662-237150

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृतेःपुलिस अधीक्षक,
(हिसार)


**हरियाणा मंत्री समूह की बैठक 2 फरवरी को**

# बजट सत्र की तारीख पर लग सकती है मुहर

**केंद्रीय बजट एक फरवरी को होगा पेश, राज्य का बजट उसके बाद आएगा**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मंत्रिपरिषद की बैठक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 2 फरवरी को शाम चार बजे बुला ली गई है। संभावना है कि नायब सैनी सरकार प्रदेश के बजट सत्र की तारीख का ऐलान करने की तैयारी में है। सीएम नायब सिंह सैनी अब तक सभी वर्गों, सांसदों, व्यापारियों, विधायकों, किसान मजदूरों दुकानदारों बड़े शहरों में अहम बैठकें कर सुझाव ले चुके हैं। इस क्रम में मंगलवार को भी पंचकूला रेडबिशप में प्रदेश की सभी पार्टियों विधायकों को बुलाकर सर्वदलीय बैठक की गई है। जिसमें जनप्रतिनिधियों के मन की बात सुनी गई और उनके सुझाव भी लिए गए। फरवरी के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह में राज्य विधानसभा का बजट सत्र बुला लिया जाए। सरकार राज्य के बजट को लेकर मैराथन बैठकों का दौर चला रही है। सभी बड़े शहरों, प्रमुख स्थानों, प्रमुख लोगों, संस्थाओं के साथ साथ सियासी दिग्गजों से सीएम और सीएम ऑफिस में तैनात अफसर बैठक कर इस पर मंथन कर चुके हैं। ज्ञात हो की केंद्रीय बजट भी एक फरवरी को आ रहा है।

### अहम विभागों में बजट को लेकर तैयारी पूर्ण

राज्य के विभिन्न विभागों में भी राज्य के बजट को लेकर तैयारी की जा रही है। भले ही सहकारिता, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा और उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, शुगर फैड मेडिकल एजूकेशन एवं रिसर्च, आबकारी कराधान विभाग, समाज कल्याण विभाग सभी में जमकर तैयारी चल रही है।

### कैबिनेट की बैठक शाम को चार बजे

हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ की चौथी मंजिल पर स्थित मुख्य सभा कक्ष में शाम चार बजे बैठक होगी। माना जा रहा है कि सूबे की नायब सैनी सरकार इस दिन बैठक में मंत्रियों से विचार मंथन के बाद में राज्य के बजट सत्र की तारीख का ऐलान कर दिया जाएगा। अन्य विषयों को लेकर भी चर्चा होगी।


## आदर्श योजना विभाग
संस्कृत संवर्धन की योजना
अन्तर्गत
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56-57, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

विज्ञापन संख्याः 01/2026 — दिनांकः 28.01.2026

### भर्ती की अधिसूचना 01/2026

संस्कृत संवर्धन के लिए भारत सरकार की केंद्रीय योजनाओं को कार्यान्वित करने हेतु शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली (CSU) कार्यरत है। केंद्रीय योजनाओं में से एक, अर्थात "आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs) / आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों (ASSSs) के रूप में मान्यता प्राप्त संस्थानों को वित्तीय सहायता की योजना (संशोधित आदर्श योजना-2022)" के अंतर्गत, देश के विभिन्न राज्यों में विभिन्न संस्थानों को वित्तीय सहायता के लिए ASMs/ASSs के रूप में मान्यता दी गई है। इस संदर्भ में, इस योजना में निहित प्रावधानों के अंतर्गत, देश के विभिन्न भागों में स्थित मान्यता प्राप्त AsMs/ASSs में निम्नलिखित गैर शैक्षणिकअन्य/शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: -

| पदों का नाम एवं स्तर (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | पदों की संख्या | आरक्षण, पात्रता, योग्यता एवं अन्य आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| कॉलेज लाइब्रेरीयन (शैक्षणिक स्तर-10) | 04 | पात्रता मानदंड, योग्यता, आयु सीमा, क्षेत्रवार भर्ती प्रक्रिया, रिक्तियों का संस्थाबार विभाजन, आरक्षण तथा अन्य आवश्यक शर्तों एवं आवेदन प्रक्रिया इत्यादि का विवरण विस्तृत अधिसूचना में उपलब्ध है। यह अधिसूचना सीएसयू (CSU) की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in पर Recruitment/Notification (भर्ती/अधिसूचना) शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है साथ ही संबंधित संस्था की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। |
| अनुभाग अधिकारी (स्तर 7) | 01 | |
| सहायक (स्तर 6) | 15 | |
| प्रोफेशनल असिस्टेंट (स्तर 6) | 01 | |
| यूडीसी (स्तर 4) | 02 | |
| एलडीसी (स्तर 2) | 20 | |

आवेदन की प्रारंभिक तिथि 28.01.2026 है तथा विज्ञापन की अंतिम तिथि 27.02.2026 को रात 11.30 बजे (IST) तक है।

यह विज्ञापन उन 19 अनुदान प्राप्त आदर्श संस्थानों की ओर से केवल एक संक्षिप्त अधिसूचना है, जो संबंधित चयनित उम्मीदवारों के लिए नियुक्ति प्राधिकारी हैं। अतः इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सभी आवश्यक जानकारी के लिए विस्तृत विज्ञापन देखें।

हस्ता./-कुलसचिव (प्र.)

CBC- 21212/12/0004/2526



## कार्यालय, पुलिसअधीक्षक, (हिसार)

मु०न० 434 दिनांक 10.11.2025 धारा 127(6) थाना अग्रोहा, हिसार



नाम :- रचना
पिता का नाम :- हनीप
पता :- कुलेरी, हिसार
गुमशुदा की पहचान :- रचना D/o हनीप, कुलेरी, हिसार की रहने वाली है। जो 08.11.2025 से लापता है जिसकी उम्र 19 वर्ष, रंग गोरा, चेहरा लम्बा, कद 5 फुट, जीन्स टॉप और पैरो में जुती पहने हुए है। किसी सज्जन को इनके बारे में पता चले तो कृपया निम्न फ़ोन नंबर पर सूचित करें।
कृपया यहां सूचित करें
प्रबन्धकथाना :- अग्रोहा, 88140-11314
पुलिस कण्ट्रोल हिसार : 01662-237150

अपराधअभिलेखअधिकारी,
कृतेः पुलिस अधीक्षक,
(हिसार)

पीआरडीएच-1084/11/4390/2026/42394/88/6 दि. 27.01.2026

## स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के प्रांगण में श्रद्धापूर्वक मनाई

# चौधरी मित्रसेन आर्य की याद में 350 प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

*वर्ष 2010 में चौधरी मित्र सेन आर्य ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की थी, अब परिवार उसे बढ़ा रहा आगे : कैप्टन रूद्र सेन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि गांव खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के प्रांगण में मनाई गई। परम मित्र मानव निर्माण संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में परिवार सहित अन्य लोगों ने समाधि स्थल पर जाकर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद भारत मित्र स्तंभ में सिंधु परिवार सहित सैकड़ों लोगों ने हवन में आहुति डाली। इंडस स्कूल की छात्राओं ने वैदिक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लगभग 350 प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भारत जानो प्रतियोगिता के करीब 30 विजेता छात्रों को भी सम्मानित किया गया।



नारनौंद। हवन में आहुति डालते परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्र सेन व सिंधु परिवार के सदस्य।

### सामाजिक गुणों का भी पाठ पढ़ाएं शिक्षक

परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्र सेन सिंधु ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2010 में हमारे पूज्य पिताजी स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की थी और आज पूरा परिवार इसको आगे बढ़ाने में लगा है। इस क्षेत्र के जो विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करते हैं, उनको प्रमाण पत्र, मेडल और नगद राशि देकर सम्मानित किया जाता है ताकि अन्य विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हो। उन्होंने अध्यापकों से अनुरोध किया कि वे विद्यार्थियों को शिक्षा के अलावा सामाजिक गुणों का पाठ पढ़ाने का भी काम करें। उन्हें साफ-सफाई और स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया जाए।

### हवन में यह रहे उपस्थित

हवन व सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर वीर सेन सिंधु, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष कैप्टन सत्यपाल, व्रतपाल सिंधु, देव सुमन, राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा, कुलबीर सुरजेवाला, सुभाष श्योराण, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, अजय सिंधु, पार्षद सुनील बैरागी, जिला पार्षद संजय खरब, चेयरमैन रविंद्र रॉकी, मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, रमेश सांगवान व अंग्रेजों समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



नारनौंद। कार्यक्रम में आए होनहार विद्यार्थियों से मिलते कैप्टन अभिमन्यु।

### हिंदी सत्याग्रह में काटी थी जेल : कैप्टन अभिमन्यु

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने जो कार्य शुरू किए थे, उन्हीं कामों को एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर वैदिक रीति से हवन यज्ञ करके उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी दिन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। कैप्टन रुद्रसेन के नेतृत्व में देश भर में नए गुरुकुलों का निर्माण और उनमें सहयोग किया जा रहा है। इसके अलावा सामाजिक कार्यों में भी सहयोग दिया जा रहा है। चौधरी मित्र सेन आर्य कुछ संकल्प लेकर कार्य करते रहे। वे हरियाणा के निर्माण के लिए हिंदी सत्याग्रह के दौरान चार महीने तक जेल में रहे थे। गोरक्षा आंदोलन के दौरान भी जेल गए। जब कारगिल का युद्ध हुआ था तो प्रत्येक बलिदानी के घर जाकर उनके स्वजनों को एक लाख रुपये की राशि देने का काम किया था।

## सफीदों में मार्केटिंग कर लौट रहे ज्वेलर्स के साथ लूट

# 4 नकाबपोशों ने बाइक सवार ज्वेलर्स से लूटी 22 किलो चांदी

**» दो बाइक पर थे लुटेरे, गांव बुढ़ाखेड़ा के निकट लात मारकर ज्वेलर्स को गिराया**

**» ज्वेलर्स को सड़क पर गिरने के बावजूद कोई चोट नहीं, पुलिस ने चांदी के बिल मांगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव बुढ़ाखेड़ा के निकट सोमवार देर रात बाइक सवार दो ज्वेलर्स से दो बैग में भरी लगभग 20 से 22 किलो चांदी की ज्वलेरी दो बाइक पर सवार चार नकाबपोश लुटेरों ने लूट ली। सदर थाना सफीदों पुलिस ने ज्वेलर्स की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया है। हालांकि मामला कुछ संदिग्ध भी लग रहा है।

श्याम नगर निवासी सन्नी ने बताया कि वह दिल्ली से चांदी की ज्वलेरी की मार्केटिंग करता है। गत दिवस वह अपने पार्टनर गांव राजपुरा भैण निवासी संदीप के साथ बाइक पर चांदी की ज्वेलरी लेकर सफीदों व असंध मार्केटिंग के लिए आए थे। कई दुकानों पर मार्केटिंग के बाद देर रात को वे सफीदों से जींद की तरफ आ रहे थे। गांव बुढ़ाखेड़ा के निकट दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश युवकों ने उनकी बाइक को लात मारकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपित चांदी के जेवरात से भरे दोनों बैगों को लेकर फरार हो गए। इसके बाद वे पिल्लूखेड़ा पहुंचे और घटना के बारे में अवगत करवाया। बाद में पुलिस ने नाकेबंदी कर तलाशी अभियान भी चलाया लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। हालांकि चांदी को लेकर पुलिस ने बिल भी मांगे हैं। बाइक से गिरने के बाद चोट न लगना समेत अन्य कुछ कारण मामले को संदिग्ध बना रहे हैं। पुलिस द्वारा बार-बार एडवाइजरी जारी की जाती है कि यदि आप कीमती सामान लेकर जा रहे हैं तो पुलिस को सूचित करने पर आपको सुरक्षा मुहैया करवाई जा सकती है। यहां ज्वेलर्स करीब 22 किलो चांदी लेकर बाइक से बिना सुरक्षा जा रहे थे। वहीं, इस मामले में रेकी की पूरी संभावना है।

### नाकेबंदी कर सर्च अभियान चलाया

सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि ज्वेलर्स से लूट की सूचना के साथ नाकेबंदी कर सर्च अभियान चलाया गया था। अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रैक्टर परेड में लिफ्ट से गिरकर किसान की मौत



**जींद।** गणतंत्र दिवस पर किसानों द्वारा निकाली जा रही ट्रैक्टर परेड के दौरान लिफ्ट से गिरकर एक किसान की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव रामराये बस अड्डे से किसानों द्वारा गणतंत्र दिवस पर गांव गुलकनी किसान शहीद स्मारक तक ट्रैक्टर परेड का आयोजन किया था। ट्रैक्टर परेड में गांव रामराय निवासी भीरा (68) भी शामिल था। ट्रैक्टर परेड के दौरान भीरा ट्रैक्टर की लिफ्ट पर खड़ा था कि उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सहयोगी किसानों द्वारा भीरा को नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे संदीप ने बताया कि उसके पिता खेतीबाड़ी करते थे। किसान संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता थे। वह भी ट्रैक्टर परेड में शामिल होने पहुंचा था।

## हार्दिक राठी के परिवार से मिलकर सीएम भगवंत मान हुए भावुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

रोहतक के लाखनमाजरा गांव के होनहार बास्केटबॉल खिलाड़ी स्वर्गीय हार्दिक राठी के पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने चंडीगढ़ सीएम आवास में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात की। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता भी मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने कहा कि यह मुलाकात एक औपचारिक शिष्टाचार भर नहीं थी, बल्कि एक टूटे हुए परिवार के दर्द, एक अधूरे सपने और व्यवस्था की असंवेदनशीलता पर साझा शोक और संवाद का क्षण थी। इस दौरान पंजाब सीएम भगवंत मान भी काफी भावुक हो गए। यह हादसा किसी प्राकृतिक आपदा का परिणाम नहीं था, बल्कि हरियाणा में खेल ढांचे की घोर लापरवाही और सरकारी उदासीनता का नतीजा था। उस कठिन समय में भी भगवंत मान स्वयं लाखन माजरा पहुंचकर परिवार के साथ खड़े हुए थे। ढांडा ने कहा कि आज परिवार ने खुलकर बताया कि कैसे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित खेल माहौल न मिलने के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार लगभग 3,000 आधुनिक स्टेडियम बनवा रही है, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं, सुरक्षित ढांचा और युवाओं के सर्वांगीण विकास की पूरी व्यवस्था होगी। ढांडा ने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार तत्काल सभी खेल परिसरों का सुरक्षा ऑडिट कराने के बाद, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे और हार्दिक के परिवार को न्याय दिलाए।

## सिरसा के युवक की मलेशिया में मौत हत्या का जताया शक

**सिरसा।** जिला के गांव चौबुर्जा निवासी 25 वर्षीय गौरव की मलेशिया में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार को उसका शव भारत पहुंचा। मंगलवार को परिजन शव लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। डीएसपी राज सिंह नागरिक अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। परिजनों का कहना है कि गौरव ने फंदा लगाकर सुसाइड नहीं किया, बल्कि उसकी हत्या की गई है। परिजनों ने बताया कि गौरव की शादी रानियां निवासी अमरजीत कौर से हुई थी। शादी के अगले दिन दोनों टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड होते हुए मलेशिया पहुंचे। वहां पता चला अमरजीत कौर पहले से ब्लैकलिस्ट है, जिस पर दोनों में झगड़ा हुआ। गौरव शाह आलम शहर में सिक्योरिटी व होटल में काम करता था। 19 जनवरी की शाम अमरजीत कौर ने फोन कर सुसाइड की सूचना दी। परिजनों का कहना है कि गौरव के मुंह से झाग निकला हुआ था। ऐसा लगता है कि उसे जहर देकर मारा और बाद में फंदे से लटकाया गया।



## बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, 35 से ज्यादा पार्टियों के सांसद हुए शामिल

# विपक्ष बोला वीबी-जी राम जी पर चर्चा की जाए सरकार ने कहा हम रिवर्स गियर में नहीं जा सकते

संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने मंगलवार को विधायी और अन्य एजेंडों पर चर्चा करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में 35 से ज्यादा पार्टियों के सांसद शामिल हुए। इस दौरान बजट सत्र को सकारात्मक और सुचारू रूप से चलाने को लेकर चर्चा हुई।

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

**आज से शुरू होगा बजट सत्र, केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश होगा। इस दिन रविवार होगा**

**सत्र राष्ट्रपति के लोस व राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा**

सरकार ने बुधवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के दौरान 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की विपक्ष की मांग को मंगलवार को अस्वीकार कर दिया और कहा कि दोनों विषय पर पहले चर्चा हो चुकी है तथा अब "हम रिवर्स गियर में नहीं जा सकते।" बजट सत्र से एक दिन पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने इन दोनों विषयों पर चर्चा की मांग उठाई।

बैठक के दौरान, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और माकपा सांसद जॉन ब्रिटास सहित कई विपक्षी सदस्यों ने सत्र के लिए सरकारी कामकाज का एजेंडा सामने नहीं रखे जाने पर आपत्ति जताई, जिस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि यह उचित समय पर किया जाएगा।

### विपक्ष को बोलने की आजादी, सुनना जरूरी: रीजीजू



कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा सत्र के लिए विधायी एजेंडा साझा नहीं किए जाने की शिकायत के बाद रीजीजू ने कहा कि यह साल का पहला सत्र है। आम तौर पर, सरकारी कामकाज की सूची राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद साझा की जाती है। हालांकि, मैं सूची साझा करने के लिए तैयार हूं, मैंने अधिकारियों को ऐसा करने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि यह कोई महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं है और सदन को सुचारु रूप से चलाने पर ध्यान केंद्रित है। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा की मांग पर एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "संसद के दोनों सदनों में पिछले सत्र में चुनाव सुधारों पर व्यापक चर्चा हुई थी, जहां विपक्ष ने भी यह मुद्दा उठाया था। एक और बहस की मांग की जाती है तो यह अनुचित है।" मंत्री ने अपील की कि सदस्य अपने मुद्दे उठाएं लेकिन कोई हंगामा नहीं होना



### राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता तिवारी बोले

राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष विदेश नीति का विषय भी उठाएगा। हमारी विदेश नीति कहां पहुंच गई? कोई हमारे साथ खड़ा नहीं है। हमें यह भी नहीं पता चल रहा कि किसके साथ चलें, कौन हमारे साथ चलेगा।" उनका कहना था कि सरकार की आर्थिक नीति की बात करें तो रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। अमेरिका की ओर से लगातार टैरिफ जारी है और रूसी तेल (की खरीद) का मुद्दा भी है। दिल्ली और दूसरी जगहों पर हमने वायु प्रदूषण का जो सबसे भयानक रूप देखा है, उसे देखते हुए हम यह मुद्दा भी उठाएंगे... हम इंदौर में दूषित पानी से होने वाली मौतों का मुद्दा भी उठाएंगे।'



### सीतारमण की मौजूदगी में नई दिल्ली में 'हलवा समारोह'

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला 'हलवा समारोह' मंगलवार को नॉर्थ ब्लॉक स्थित बजट प्रेस में आयोजित किया गया। यह समारोह केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### भाजपा विकसित बंगाल के लिए दृढ़ संकल्पित : नितिन नवीन

**दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) (भाषा)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पार्टी पश्चिम बंगाल की प्रगति के लिए दृढ़ संकल्पित है। नवीन ने जोर देकर कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य की उन्नति आवश्यक है। भाजपा अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा पर, नवीन ने पार्टी द्वारा आयोजित 'कमल मेला' का उद्घाटन किया। पश्चिम बर्धमान जिले के इस औद्योगिक शहर में मेले के उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि हम बंगाल के विकास को हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।" नवीन ने मेले के जरिये छोटे व्यापारियों को एक मंच प्रदान करने के लिए भाजपा की बंगाल इकाई की सराहना की।



**दो-दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे**

## शंकराचार्य विवाद ने पकड़ा तूल

# अवमुक्तेश्वरांनद के समर्थन में इस्तीफा देने वाले सिटी मजिस्ट्रेट सस्पेंड, सरकारी गाड़ी भी छीनी

**अयोध्या।** यूपी में शंकराचार्य का विवाद बढ़ता ही जा रहा है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान में इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को शासन ने सस्पेंड कर दिया। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। अब तक इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ। माना जा रहा कि जांच पूरी होने के बाद ही सरकार इस्तीफा स्वीकार करेगी। फिलहाल, अग्निहोत्री को शामली अटैच किया गया है। बरेली कमिश्नर को मामले की जांच सौंपी गई है। मजिस्ट्रेट से सरकारी गाड़ी वापस ले ली गई है। वह मंगलवार सुबह 11 बजे डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। शंकराचार्य अवमुक्तेश्वरांनद ने 21 जनवरी को सीएम योगी पर करारा हमला किया था। उन्होंने कहा- यही योगी जिसे आप लोग साधु संत कहते हो वह हिंदू कहने के लायक नहीं है।

**उप्र सरकार ने विभागीय जांच के आदेश दिए**

**जांच पूरी होने के बाद ही इस्तीफा स्वीकार होगा**





### जीएसटी डिप्टी कमिश्नर का इस्तीफा, फूट-फूटकर रोए

**अयोध्या।** यूपी में शंकराचार्य का विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अब पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और सीएम योगी के समर्थन में अयोध्या के जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य की सीएम पर की गई टिप्पणी से उन्हें बहुत बुरा लगा। इससे मैं आहत हूं। मुख्यमंत्री का अपमान मैं अब बर्दाश्त नहीं कर सकता। जिस प्रदेश का नमक और रोटी खाता हूं, प्रदेश के वेतन से मेरा परिवार चलता है। अगर उस प्रदेश के मुखिया पर असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया जाएगा, तो मुझे दर्द होगा। मेरे अंदर भी दिल और संवेदना है। क्योंकि मैं यूपी कर्मचारी नियमावली के तहत बंधा हुआ हूं।



**सीएम योगी पर शंकराचार्य का कमेंट बुरा लगा**

### अरिजीत ने सिंगिंग से लिया संन्यास, लिखा- 'यहीं खत्म कर रहा हूं'

**मुम्बई।** मशहूर गायक अरिजीत सिंह बॉलीवुड के सबसे सफल और पॉपुलर प्लेबैक सिंगर ने एक ऐसा ऐलान किया है, जिसने उनके फैंस को हैरान और निराश कर दिया है। अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किए अपने पोस्ट में लिखा- नमस्ते, आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। इतने सालों से श्रोताओं के रूप में मुझे इतना प्यार देने के लिए मै आगे से प्लेबैक वोकलिस्ट के तौर पर कोई नया काम नहीं लेने वाला हूं। मैं इसे यहीं खत्म कर रहा हूं। यह एक बेहद खूबसूरत सफर रहा। वहीं उन्होंने साफ किया है कि वह म्यूजिक बनाना बंद नहीं करेंगे। लेकिन एक्स पर किए गए उनके पोस्ट से उनके फैसले को लेकर और ज्यादा साफ़ जानकारी मिली।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के मां-बाप गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के हत्याकांड में मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी रात 10 बजे श्री मुक्तसर साहिब की पुलिस ने 2 साल पुराने मामले में की है। गैंगस्टर के माता-पिता अमृतसर में गोल्डन टेंपल के पास होटल में ठहरे हुए थे। गिरफ्तारी के बाद पिता शमशेर सिंह और माता पीरतपाल कौर को श्री मुक्तसर साहिब कोर्ट में पेश किया गया।

### प.बंगाल में दो गोदामों में आग, 8 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में सोमवार सुबह दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए।

### बीजिंग में डोनाल्ड ट्रंप के 'जासूस' घुसे, जिनपिंग के तख्तापलट की रची साजिश, परमाणु फाइल लीक!

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विस्तारवाद का अपना सबसे बड़ा दांव चल दिया है। ट्रंप ने जिनपिंग की नाक के नीचे ही अपना जासूस बिठा दिया। जिनपिंग के खिलाफ मोहरा चीन का एक टॉप जनरल बन गया है। जिनपिंग के उस टॉप जनरल का नाम है झांग यूक्सिया। जनरल झांग यूक्सिया पर चीन के न्यूक्लियर सीक्रेट की जानकारी लीक करने का आरोप लगा है। इस जनरल ने चीन के न्यूक्लियर सीक्रेट की जानकारी अमेरिका को दी। चीन के इस जनरल पर सीआईए के साथ कनेक्शन के आरोप भी हैं। चीन के न्यूक्लियर हथियारों के कार्यक्रम की भी जानकारी अमेरिका को लीक करने का आरोप लगा है। यूक्सिया के खिलाफ जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि जिनपिंग का ये जनरल अमेरिका के इशारों पर शी का तख्तापलट करने के लिए भी काम कर रहा था।



### सीएम के सामने लगे शिवकुमार के नारे, 'लाल' हुए सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मनरेगा के नाम में बदलाव और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के भीतर लंबे समय से चर्चा में रहे आंतरिक मतभेद एक बार फिर खुलकर सामने आ गए। मंगलवार को एक बड़े प्रदर्शन में उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के मंच पर आते ही भीड़ ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थन में जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। हालात ऐसे बने कि मुख्यमंत्री को अपना भाषण बीच में ही रोकना पड़ा, जिससे वे नाराज नजर आए।

### राहुल के नॉर्थ-ईस्ट का पटका नहीं पहने पर सियासत

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 'एट होम' रिसेप्शन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के कहने के बावजूद राहुल गांधी ने नॉर्थ-ईस्ट का पटका नहीं पहना। भाजपा के मुताबिक रिसेप्शन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेशी मेहमानों समेत सभी ने पटका पहना था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने असमिया 'गमोसा' विवाद को लेकर भाजपा पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी की छवि नष्ट करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि सत्तापक्ष को माफी मांगनी चाहिए क्योंकि गणतंत्र दिवस समारोह में उन्हें और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को तीसरी कतार में बैठाकर "अपमानित" किया गया।

### तेज़ाब हमले के मामलों पर सख्त शीर्ष अदालत, राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से चार सप्ताह में मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश भर में एसिड अटैक के मामलों के पेंडिंग होने पर गंभीर चिंता जताई। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में पीड़ितों को सही मुआवजा दिलाने के लिए दोषियों की प्रॉपर्टी अटैच करने जैसे और सख्त कदम उठाने को कहा। न्यायालय ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कई तरह की जानकारी देने को कहा। इसमें ऐसे मामलों का वर्ष वार ब्यौरा, अदालतों में उनकी स्थिति के साथ साथ पीड़ितों की मदद के लिए किए गए पुनर्वास उपायों का विवरण भी शामिल है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे तेजाब हमले के उन मामलों की जानकारी दें जिनमें अधीनस्थ अदालतों में आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। उन्हें उन मामलों की जानकारी भी देनी होगी जिनमें अधीनस्थ अदालत स्तर पर फैसला हो चुका है या जो लंबित है।

**एसिड अटैक मामले के दोषी की संपत्ति क्यों ना जब्त की जाए**

## सुप्रीम कोर्ट में याचिका

# समान अवसरों में भेदभाव हुआ, नियमों में जाति आधारित भेदभाव का 'बड़ा आरोप'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल में जारी नियमों को चुनौती देने के लिए सुप्रीम में एक याचिका लगाई गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि इन नियमों में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा अपनाई गई है और संस्थागत सुरक्षा से कुछ श्रेणियों को बाहर कर दिया गया है। याचिका में केंद्र सरकार और यूजीसी को अंतरिम निर्देश देने की मांग की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन नियमों के तहत बनाए गए समान अवसर केंद्र और समानता समिति बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध हों। याचिका में कहा गया है कि यूजीसी के हाल में अधिसूचित 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी विनियम, 2026' का नियम 3 (सी)'गैर-समावेशी' है और जो छात्र एवं शिक्षक आरक्षित श्रेणियों के नहीं हैं, उन्हें सुरक्षा प्रदान नहीं करता है। विनीत जिंदल द्वारा दाखिल याचिका में इन विनियमों की इन आधार पर आलोचना की गई है कि जाति आधारित भेदभाव को सख्ती से एससी-एसटी और ओबीसी के सदस्यों के खिलाफ भेदभाव के रूप में परिभाषित किया गया है।

**संस्थागत सुरक्षा से कुछ श्रेणियों को बाहर किया**





## चिंतन

# वैश्विक व्यापार राजनीति में भारत की बड़ी आर्थिक जीत

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का संपन्न होना भारत की आर्थिक कूटनीति की बड़ी सफलता है। यह समझौता करीब 18 वर्षों की लंबी, जटिल और कई बार की ठहरी हुई बातचीत के बाद हुआ है। यह केवल आयात-निर्यात बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एक भरोसेमंद, दीर्घकालिक साझेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब वैश्विक व्यापार व्यवस्था अस्थिरता, टैरिफ युद्ध और संरक्षणवादी नीतियों से जूझ रही है। अमेरिका सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा लगाए जा रहे शुल्कों के बीच भारत और ईयू का यह करार खुले, नियम-आधारित और भरोसेमंद वैश्विक व्यापार का मजबूत संदेश देता है। भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि यूरोपीय संघ दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। दोनों मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 25 प्रतिशत, विश्व व्यापार का एक-तिहाई और दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में यह एफटीए स्वाभाविक रूप से दुनिया के सबसे बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में गिना जा रहा है। इससे भारत के श्रम-प्रधान और निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है। कपड़ा, चमड़ा, जूते, ज्वेलरी, ऑटो पार्ट्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर यूरोपीय संघ में लगने वाली ड्यूटी कम या समाप्त होने से भारतीय उत्पाद यूरोपीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा, औद्योगिक उत्पादन को गति मिलेगी और देश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। साथ ही, आईटी और सेवा क्षेत्र को भी यूरोप में बेहतर बाजार पहुंच मिलने से भारत की सेवा अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। इससे 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' जैसे दीर्घकालिक लक्ष्यों को ठोस आधार मिलेगा और भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में उभरेगा। इसका गहरा रणनीतिक और भू-राजनीतिक महत्व भी है। यूरोपीय संघ को भारत जैसा विशाल, युवा और तेजी से बढ़ता बाजार चाहिए, वहीं भारत को एक नियम-आधारित, तकनीकी रूप से उन्नत और राजनीतिक रूप से स्थिर साझेदार की आवश्यकता है। भारत ने डेयरी, अनाज, कृषि, फार्मिंग और पोल्ट्री जैसे क्षेत्रों को इससे बाहर रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा भी की है। वहीं, ईयू की लग्जरी कारों पर टैरिफ 110 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत और प्रीमियम शराब पर 150 प्रतिशत से 20 प्रतिशत होना भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आएगा, हालांकि इससे घरेलू उद्योगों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ेगा। इस एफटीए के 2027 में लागू होने की संभावना है, लेकिन असली चुनौती इसके प्रभावी और संतुलित क्रियान्वयन की होगी। गैर-शुल्क बाधाएं, यूरोपीय मानकों की कठोरता और छोटे व मध्यम उद्योगों की सीमित क्षमता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस समझौते का लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहे, बल्कि एमएसएमई, स्टार्टअप्स और श्रमिक वर्ग भी इससे समान रूप से लाभान्वित हों। यदि इसे दूरदर्शिता, संतुलन और समावेशी नीतियों के साथ लागू किया गया, तो यह निस्संदेह भारत की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।



**भारत-ईयू एफटीए**
विवेक शुक्ला

भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक–टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता हुआ है, जिसे दोनों पक्षों ने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' (सबसे बड़ी डील) के रूप में वर्णित किया है। यह समझौता लगभग 18 वर्षों से चली आ रही बातचीत का परिणाम है और इसे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार, निवेश, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गहरे बदलाव लाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। इसे वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद कहना अधिक तर्कसंगत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बताया है, जो आर्थिक समृद्धि, निवेश और साझेदारी की नई दिशा देगा। इस समझौते के तहत दोनों पक्षों ने ज्यादातर वस्तुओं पर शुल्कों को कम या समाप्त करने का निर्णय लिया है, लगभग 96.6% उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा। भारतीय बाजार में यूरोपीय कारों पर शुल्क 110% से घटाकर 10% तक लाया जाएगा।

शराब पर शुल्क में भारी कटौती होगी, जिससे ये वस्तुएं भारत में सस्ती होंगी। भारत को अपनी टेक्सटाइल, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, रसायन और इंजीनियरिंग सामान को यूरोपीय बाजार में अधिक आसानी से निर्यात करने का मौका मिलेगा। इस समझौते में केवल व्यापारिक पहलू ही नहीं, बल्कि रणनीतिक और सुरक्षा साझेदारी को भी स्थान दिया गया है, जिसमें समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और रक्षा तकनीक सहयोग शामिल हैं। इससे यूरोपीय कंपनियों को भारत जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते हुए बाजार में प्रत्यक्ष और आसान पहुंच। वाहन, मशीनरी, वाइन और मोटर गाड़ियों जैसे उत्पादों को भारतीय बाजार में विस्तृत अवसर मिलेगा। यूरोप को वैश्विक व्यापार में भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लाभ। यह समझौता वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाएगा, खासकर तब, जब अमेरिका और चीन जैसे बड़े आर्थिक संरचनाएं भी वैश्विक व्यापार नियमों और साझेदारियों में बदलाव ला रहे हैं। विशेष रूप से, अमेरिका द्वारा टैरिफ में वृद्धि और व्यापारिक दबाव के बीच, यह भारत और यूरोप के लिए एक विकल्प और समाधान के रूप में उभर रहा है। इससे विश्वव्यापी व्यापारिक जोखिमों से निपटने में मदद मिलेगी। यद्यपि समझौता आज घोषित हुआ है, इसे लागू होने के लिए अभी कुछ क़ानूनी प्रक्रियाएं और संसद/सम्मेलन की मंजूरी लेनी होगी। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों, जैसे कृषि, पर अभी भी बहस जारी रहने की संभावनाएं हैं। विभिन्न उद्योगों को अनुकूल बनाने के लिए समय और नीतिगत समर्थन की आवश्यकता होगी। यह समझौता केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि भारत और यूरोपीय देशों के बीच गहरे, रणनीतिक, आर्थिक और साझेदारी के नए अध्याय का उद्घाटन है। यह न केवल दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता, निवेश, तकनीकी सहयोग और बहुपक्षीय व्यापार ढांचे को भी मजबूती देगा। भविष्य में, इसके लाभ भारतीय उद्योगों, उपभोक्ताओं और निवेशकों को मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत को वैश्विक व्यापार का एक मजबूत



नेतृत्वकर्ता देश बनने का अवसर मिलेगा। यह समझौता केवल व्यापारिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक, रणनीतिक, तकनीकी और वैश्विक साझेदारी के नए आयामों को भी परिभाषित करता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, जब विश्व अर्थव्यवस्था अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, भारत-यूरोप समझौता स्थिरता, विकास और सहयोग का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। भारत और यूरोपीय देशों के बीच सहयोग का इतिहास कई दशकों पुराना है। यूरोपीय संघ भारत का एक प्रमुख व्यापारिक और निवेश साझेदार रहा है। हालांकि, व्यापक स्तर पर एक औपचारिक और संतुलित समझौते को अंतिम रूप देने में काफी समय लगा। इसके पीछे दोनों पक्षों के अपने-अपने आर्थिक हित, नीतिगत प्राथमिकताएं और संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं। यह समझौता लंबी बातचीत, आपसी विश्वास और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप सोच का परिणाम है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत और यूरोपीय देशों के बीच व्यापार को सरल, पारदर्शी और अधिक लाभकारी बनाना है। इसके अंतर्गत वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देना, निवेश को प्रोत्साहित करना, तकनीकी सहयोग को सशक्त बनाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना शामिल है। साथ ही, यह समझौता दोनों क्षेत्रों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक-दूसरे का भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। समझौते के अंतर्गत दोनों पक्षों ने कई उत्पादों पर आयात-निर्यात शुल्क कम करने या समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की है। इससे भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर पहुंचने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से वस्त्र, परिधान, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, कृषि-आधारित उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग सामान को इसका लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर, यूरोपीय देशों के उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक उत्पाद, मशीनरी, ऑटोमोबाइल, तकनीकी उपकरण और पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं भारतीय बाजार में अधिक सहजता से उपलब्ध होंगी। यह समझौता केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवाक्षेत्र को भी समान महत्व देता है। सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेशेवर सेवाओं में सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। भारतीय आईटी और सेवा कंपनियों को यूरोप में नए अवसर प्राप्त होंगे, जबकि यूरोपीय निवेशकों को भारत के तेजी से बढ़ते सेवा क्षेत्र में निवेश का आकर्षक वातावरण मिलेगा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को सरल और स्पष्ट बनाने पर भी बल दिया गया है। इस समझौते से भारतीय अर्थव्यवस्था को कई स्तरों पर लाभ होने की उम्मीद है। सबसे पहले, निर्यात में वृद्धि से विदेशी मुद्रा आय बढ़ेगी। दूसरा, घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार होगा। तीसरा, नए निवेश और परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत जैसे युवा आबादी वाले देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि यह समझौता अनेक अवसर लेकर आया है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना एक बड़ी चुनौती होगी। कुछ क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्यमों को प्रारंभिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**यूजीसी बिल**
डॉ. घनश्याम बादल



# सामाजिक न्याय या संवैधानिक असंतुलन

हाल में लागू किए गए यूजीसी के नए इक्विटी और शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों ने विश्वविद्यालय परिसरों से निकलकर सड़कों, दफ्तरों और सामाजिक चेतना तक को झकझोर दिया है। एक ओर दलित और पिछड़े वर्ग इन नियमों को लंबे समय से चली आ रही संस्थागत उपेक्षा के विरुद्ध सुरक्षा-कवच मान रहे हैं, तो दूसरी ओर सवर्ण समाज का एक बड़ा हिस्सा इन्हें समानता के सिद्धांत के विरुद्ध और "उल्टे भेदभाव" की ओर ले जाने वाला मान रहा है। इस टकराव ने तब और तीखा रूप ले लिया, जब वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री द्वारा सार्वजनिक असहमति और इस्तीफे और बाद में शासन द्वारा उन्हें निलंबित करके उनकी आवाज को दबाने के प्रयास ने इसे राष्ट्रीय बहस का रूप दे दिया। हालांकि, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि क्या एक सरकार के अधीन कार्य कर रहे उच्च अधिकारी को सरकार की नीतियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान देना चाहिए? नियम अनुसार तो यह सरकारी कर्मचारियों के कोड ऑफ कंडक्ट के विरुद्ध ही जाता है और उन्हें निलंबित करने के पीछे सरकार की मंशा भी साफ है कि वह ऐसी हर आवाज को दबा देना चाहती है जो उसके अपने ही अधिकारी द्वारा उठाई जाए। यह विवाद केवल यूजीसी के किसी एक नियम का नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक संतुलन का है, जिस पर भारत की सामाजिक संरचना टिकी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव, बहिष्कार, सूक्ष्म अपमान और अवसरों की असमानता आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। छात्रावास, शोध निर्देशन, मूल्यांकन और यहां तक कि अनौपचारिक अकादमिक नेटवर्क हर जगह असमान शक्ति-संतुलन मौजूद है।

इस पृष्ठभूमि में इक्विटी सेल, विशेष शिकायत समितियां और संरक्षित प्रक्रिया दलित-पिछड़े वर्गों को राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन प्रतीत होती हैं। संविधान का अनुच्छेद 15(4) और 15(5) राज्य को यह अधिकार देता है कि वह ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए विशेष प्रावधान करे। इस वर्ग का तर्क है कि समानता तब तक खोखली है, जब तक असमान सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को बराबर करने के लिए अतिरिक्त सहारा न दिया जाए। उनके लिए यह बहस "समान अवसर" बनाम "विशेष अवसर" की नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा की है। वहीं इस संदर्भ में सवर्ण समाज की चिंता को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता है। इस यूजीसी बिल के आने से उसके मन में आशंका और असुरक्षा की भावना घर कर रही लगती है, लेकिन इस बहस का दूसरा पक्ष भी उतना ही वास्तविक है। सवर्ण समाज का एक बड़ा तबका मानता है कि नए यूजीसी नियमों में शिकायत तंत्र की संरचना ऐसी है, जिसमें पूर्वाग्रह की आशंका निहित है। अस्पष्ट परिभाषाएं, एकतरफा प्रतिनिधित्व और प्रारंभिक जांच के बिना कार्रवाई की संभावना, ये सभी घटक भय का वातावरण पैदा करते हैं। अब यहां जानना होगा कि आखिर इस प्रतिवाद के पीछे असली प्रश्न क्या है? न्याय या असंतुलन? इस पूरे विवाद का प्रश्न यह नहीं है कि सामाजिक न्याय चाहिए या नहीं, इस पर लगभग सर्वसम्मति है। असली प्रश्न यह है कि सामाजिक न्याय को लागू करते समय संवैधानिक संतुलन कैसे बनाए रखा जाए। यह बात हम सबको ध्यान में रखनी होगी कि संविधान न तो प्रतिशोध का दस्तावेज़ है और न ही किसी वर्ग विशेष की स्थायी ढाल। वह सुधारात्मक न्याय की अनुमति तो देता है, लेकिन बदले में नैसर्गिक न्याय, निष्पक्ष प्रक्रिया और समान गरिमा की भी मांग करता है। यह भी जानना श्रेयस्कर होगा कि इस संघर्ष और ऊहापोह के बीच आगे का रास्ता क्या हो। यूजीसी और सरकार के लिए यह समय आत्ममंथन का है, इसलिए आवश्यक है कि शिकायत तंत्र सभी वर्गों के लिए समान रूप से सुलभ और संतुलित हो।

प्रारंभिक जांच, समयबद्ध प्रक्रिया और अपील की स्पष्ट व्यवस्था हो, अकादमिक स्वतंत्रता और वैचारिक बहस को संरक्षित किया जाए, तथा राज्यों, शिक्षकों और छात्रों से व्यापक परामर्श हो। दूसरी कड़वी सच्चाई यह भी है कि राजनीति लगभग हर क्षेत्र में अपना हित ढूंढने लगती हैं। यूजीसी के नए नियमों पर छिड़ी बहस रेखांकित करती है कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज़ है, जो संतुलन, विवेक और संवाद से चलता है। सवर्ण, दलित और पिछड़े तीनों की चिंताएं वास्तविक हैं और तीनों की उपेक्षा लोकतंत्र को कमजोर करेगी। आवश्यकता है कि नीति भावना नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक से चलें, क्योंकि अंततः विश्वविद्यालय किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य का निर्माण करते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शांति से खत्म किए जा सकते हैं सभी दुःख



संकलित
**दर्शन**

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।


## ब्रह्मा को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
**प्रेरणा**

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### गणतंत्र के 77 वर्ष

भारत का गणतंत्र 77 वर्ष का हो चुका है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान ने एक नए भारत की नींव रखी, जो स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से प्रेरित थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की– साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान–प्रौद्योगिकी से लेकर आर्थिक–सैन्य क्षमता तक। विविध संस्कृति को मजबूत करते हुए राष्ट्र ने वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाई। चंद्रयान मिशनों से अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी बने, यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति ने भुगतान व्यवस्था बदल दी, जबकि ओलंपिक–एशियाड में पदकों की बौछार ने खेलक्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुईं। आज विश्व भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है, जहां विकास दर ने गरीबी उन्मूलन में योगदान दिया। *– दीपक वर्मा, सरायपाली*

## ट्रेंड

### सीखने के अवसर



किसी भी शोध संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके लोग होते हैं। आपके वैज्ञानिक, इंजीनियर और तकनीशियन ही आपकी वास्तविक शक्ति हैं। उन्हें सीखने के अवसर देने होंगे, नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपनी होगी और उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके विचारों को सुना जाएगा।
**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मुक्त व्यापार समझौता



आज भारत ने अपने इतिहास में अब तक के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते को संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और ये सुखद संयोग है कि आज ही के दिन, यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये एफटीए कर रहा है।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति



सिर्फ़ राष्ट्रपति भवन में ही नहीं, जब राहुल गांधी असम आए, तब भी उन्होंने गमोछा पहनने से इनकार किया। गांधी परिवार के लिए असम और पूर्वी उत्तर भारत की संस्कृति कोई मायने नहीं रखती।
**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### स्वास्थ्य सर्वोपरि



प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सुरक्षा सर्वोपरि है। अक्सर बच्चे तनाव और अवसाद के साथ-साथ ऑटिज्म जैसी स्थितियों से भी जूझ रहे होते हैं, जिसे सामान्यतः माता-पिता और शिक्षक भी समय पर पहचान नहीं पाते।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारत सहित 8 विदेशी मेडिकल डिग्रियों को मान्यता

सिंगापुर में डॉक्टर बनने के इच्छुक छात्र अब भारत के 'मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन' सहित आठ और विदेशी संस्थानों में मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। सिंगापुर ने उम्रदराज होती आबादी के कारण डॉक्टरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों को मान्यता देने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और सिंगापुर चिकित्सा परिषद ने संयुक्त बयान में कहा कि नयी मंजूरी प्राप्त ये संस्थान सिंगापुर को उम्रदराज़ होती जनसंख्या के बीच डॉक्टरों की बढ़ती जरूरत को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद करेंगे। इन आठ विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ ही एक फरवरी 2026 तक सिंगापुर में मान्यता प्राप्त विदेशी मेडिकल स्कूलों की संख्या 112 से बढ़कर 120 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि उसने चिकित्सा पंजीकरण अधिनियम, 1997 की दूसरी अनुसूची में आठ मेडिकल स्कूलों को जोड़ने संबंधी एसएमसी की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। मणिपाल के अलावा जिन विश्वविद्यालयों को सूची में शामिल किया गया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया का एडिलेड विश्वविद्यालय, आयरलैंड का यूनिवर्सिटी ऑफ गॉलवे, मलेशिया का यूनिवर्सिटी सैन्स मलेशिया, पाकिस्तान का आगा खान यूनिवर्सिटी मेडिकल कॉलेज, चीन का त्सिंगहुआ विश्वविद्यालय, ब्रिटेन का यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर और ब्रिटेन का ही सिटी सेंट जॉर्ज़, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# समुद्र में कहां से आते हैं सीप कई जीव भी बनाते हैं कंकाल

सीप बस जीवों के कंकाल ही हैं। लेकिन इंसानों और अधिकतर दूसरे पशुओं से अलग, इन घोंघों, क्लैम, ऑयस्टर और मसेल्स में एक एक्सोस्केलेटन होता है, जिसका मतलब है कि यह उनके शरीर के बाहर होता है। जब सीपियों की बात होती है, तो उनका मतलब आमतौर पर घोंघों जैसे जीवों के बाहरी खोल यानी शेल से होता है। कई दूसरे समुद्री जीव भी कंकाल बनाते हैं, जिनमें सैंड डॉलर जैसे इकाइनोइड्स शामिल हैं जो अंदरूनी कंकाल बनाते हैं। ये समुद्री जीव अपने नरम शरीर को बाहरी खतरों, जैसे शिकारियों या उनके रहने की जगह में होने वाले बदलावों से बचाने के लिए अपने शेल खुद बनाते हैं। शेल इन समुद्री जीवों को समुद्र तल पर स्थिर रहने, बड़ा होने या ज़्यादा अच्छे से घूमने में भी मदद कर सकते हैं। इस बाहरी आवरण या शेल बनाने की प्रक्रिया को 'बायोमिनरलाइजेशन' कहते हैं। समुद्री जानवर शेल कैसे बनाते हैं, यह अलग–अलग प्रजातियों के हिसाब से अलग हो सकता है, लेकिन इन सभी जानवरों के शेल बनाने के लिए खास ऊतक होते हैं। अधिकतर समुद्री जीव अपने शेल कैल्शियम कार्बोनेट से बनाते हैं, जो एक मजबूत मिनरल है और लाइमस्टोन में भी पाया जाता है। कुछ स्पंज और सूक्ष्मजीव एक और पदार्थ सिलिका का इस्तेमाल करते हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत के सामने खिताब जीतकर इतिहास लिखना लक्ष्य

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसमें सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम खेलेगी।

पिछले संस्करण का खिताब भारत ने जीता था और ऐसे में आगामी संस्करण में टीम खिताब का बचाव करने उतरेगी। अब तक किसी भी टीम ने अपने घर पर हुए टी-20 विश्व कप को नहीं जीता है और ऐसे में भारतीय टीम इतिहास बदलना चाहेगी। इस बीच भारतीय टीम, शेड्यूल, इतिहास और अन्य जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

### इन खिलाड़ियों को मिला है टीम में मौका

टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए वाशिंगटन सुंदर चोटिल हैं। वह टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं। दूसरी तरफ तिलक वर्मा के फिट होने की संभावना है। टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीमःसूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, और वॉशिंगटन सुंदर।

### कोई भी टीम अपने देश की धरती में नहीं जीत सकी टी-20 वर्ल्ड कप



# गुजरात ने दिल्ली को 3 रन से हराया

## डब्ल्यूपीएलः मूनी का अर्धशतक, डिवाइन के चार विकेट

एजेंसी ▸▸| वडोदरा



गुजरात जायंटस ने ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (58 रन) के अर्धशतक के बाद सोफी डिवाइन के चार विकेट झटकने से मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को तीन रन से हरा दिया। इस जीत से गुजरात जायंट्स के आठ अंक हो गए हैं जिससे उसने तालिका में मुंबई इंडियंस को तीसरे स्थान पर खिसका कर दूसरा स्थान हासिल किया। जायंट्स ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मूनी के अर्धशतक से नौ विकेट पर 174 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। दिल्ली कैपिटल्स निकी प्रसाद (47 रन) और स्नेह राणा (29 रन) के बीच सातवें विकेट के लिए 31 गेंद में 70 रन की साझेदारी से जीत के करीब पहुंच गई थी लेकिन अंतिम ओवर में दोनों के विकेट गंवाने से 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी। टीम के लिए शीर्ष क्रम की बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरूआत नहीं दिला सकीं और मध्यक्रम में भी कोई अहम योगदान नहीं रहा।

## चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच आज विशाखापट्टनम स्टेडियम में शाम 7 बजे से

# मुकाबला आजः भारत जीत की लय बरकरार रखने और न्यूजीलैंड विजयरथ रोकने को बेकरार

एजेंसी ▸▸| विशाखापट्टनम

भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की सीरीज का चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आज बुधवार 28 जनवरी को खेला जाएगा। सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना चुकी सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम जीत के क्रम को बरकरार रखना चाहेगी।

इसी तरह मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली कीवी टीम भारत का विजय रथ रोकने और सीरीज में अपनी पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह मुकाबला विशाखापट्टनम के डॉ वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे से से खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 28 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में भारतीय टीम को जीत मिली है, जबकि 10 मैच कीवी टीम ने जीते हैं। 1 मैच टाई रहा है। भारतीय सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच 14 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 10 मैचों में भारत ने जीत दर्ज की, जबकि शेष 4 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

अभिषेक ने पिछले 10 मैचों में 200.60 की स्ट्राइक रेट से 331 रन बनाए हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 10 मैचों में 249 रन अपने नाम किए हैं। न्यूजीलैंड से चैपमैन ने पिछले 9 मैचों में 215 रन बनाए हैं। कप्तान सैंटनर 10 मैचों 207 रन बनाने में सफल रहे हैं। वरुण चक्रवर्ती ने 8 मैचों में 16 विकेट अपने नाम किए हैं। इसी प्रकार जैकब डफी 9 मैचों में 14 विकेट चटका चुके हैं। इनके प्रदर्शन पर नजरें रहेंगी।

### ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग इलेवन

भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन सीरीज में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। ऐसे में वह बड़ी पारी खेलकर वापसी करना चाहेंगे। इसी तरह अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार अपनी फॉर्म बरकरार रखने का प्रयास करेंगे। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा पर होगी। **संभावित एकादशः** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, और जसप्रीत बुमराह।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है कीवी टीम

दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने निराश किया था और भारतीय बल्लेबाजों के सामने जमकर रन लुटाए थे। ऐसे में मेहमान टीम पिछली गलतियों से सबक लेते हुए अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी। कीवी टीम अपने शीर्षक्रम से भी बड़ी पारियों की उम्मीद करेगी। **न्यूजीलैंड की संभावित एकादशः** टिम सिफर्ट, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, ईश सोढ़ी, और जैकब डफी।

### ऑस्ट्रेलिया के केन रिचर्डसन ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने मंगलवार 27 जनवरी को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। 34 साल के रिचर्डसन हाल ही में सम्पन्न हुई बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए नजर आए थे। वह बीबीएल में शुरुआती सीजन से ही खेल रहे थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी-20 विश्व कप 2021 का खिताब जीता था। आइए उनके करियर पर एक नजर डालते हैं।

## सबालेंका और ज्वेरेव सेमीफाइनल में



**मेलबर्न।** शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां भीषण गर्मी के कारण छत बंद करके मैच खेलने पड़े। सबालेंका सेमीफाइनल में यूक्रेन की 12वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना का सामना करेगी जिन्होंने अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 59 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी।

### ज्वेरेव-लर्नर के बीच हुआ रोमांचक मैच

मेलबर्न में भीषण गर्मी के बीच रॉड लेवर स्टेडियम में पहला मैच छत खुली रखकर खेला गया, लेकिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव और अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन के बीच पुरुष क्वार्टरफाइनल मैच के लिए इसे बंद कर दिया गया। तीसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने 20 वर्षीय टिएन पर 6-3, 6-7 (5), 6-1, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। ज्वेरेव ने 24 ऐस लगाए और केवल एक डबल फॉल्ट किया।


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते है।

| Sr. No. | Auction Catalogue No. | Description | Lot Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-Int-250749-2-26-1 | ट्रेन संख्या 20493/94 (सीडीजी–एमडीयू-सीडीजी) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 09.02.2026 12:00:00 |
| 2 | ADVT-Int-136162-5- 26-1 | ट्रेन संख्या 12217/18 (सीडीजी–टीवीसीएन–सीडीजी) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 09.02.2026 12:00:00 |
| 3 | ADVT-Int-135985-5- 26-1 | ट्रेन संख्या 12449/50 (सीडीजी–एमएओ-सीडीजी) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 09.02.2026 12:00:00 |
| 4 | ADVT-EFF-141603-6- 25-1 | ट्रेन संख्या 14521/14522 (डीएलआई–यूएमबी एक्सप्रेस) और 14507/14508 (डीएलआई-एफकेए एक्सप्रेस) के पूरे बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 09.02.2026 12:00:00 |
| 5 | ADVT-UMB-RPJ -OH- 330-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें कुल लोलिपॉप क्यूबॉइड की मात्रा 09 है और प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 6 | ADVT-UMB-SAG -OH- 326-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें कुल लोलिपॉप क्यूबॉइड की मात्रा 14 है और प्रत्येक लोलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 7 | ADVT-UMB-AADR- OH-335 -25-1 | अब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें कुल लोलिपॉप क्यूबॉइड की मात्रा 12 है और प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 8 | ADVT-UMB-NLDM- OH-333-25-1 | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें कुल लोलिपॉप क्यूबॉइड की मात्रा 10 है और प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 9 | ADVT-UMB-SIR-OH- 331-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें कुल लोलिपॉप क्यूबॉइड की मात्रा 15 है और प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 10 | ADVT-UMB-DUI -OH- 327-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें कुल लोलिपॉप क्यूबॉइड की मात्रा 27 है और प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 11 | ADVT-UMB-ANSB- OH-334-25-1 | अनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें कुल लोलिपॉप क्यूबॉइड की मात्रा 12 है और प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 12 | ADVT-UMB-UBC -OH- 329-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें कुल लोलिपॉप क्यूबॉइड की मात्रा 10 है और प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 13 | MSS-UMB-UBC-MCK-57-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर कुल 40 वर्ग फुट के डिस्प्ले क्षेत्र के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 14 | MSS-UMB-YJUD -MCK-64-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर कुल 40 वर्ग फुट के डिस्प्ले क्षेत्र के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 15 | MSS-UMB-RPJ-MCK-60-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर कुल 40 वर्ग फुट के डिस्प्ले क्षेत्र के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 16 | MSS-UMB-ABS-MCK-56-25-1 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर कुल 30 वर्ग फुट के डिस्प्ले क्षेत्र के साथ तीन (03) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 17 | MSS-UMB-PTA-MCK-59-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल 40 वर्ग फुट के डिस्प्ले क्षेत्र के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 09.02.2026 12:00:00 |
| 18 | MSS-UMB-SIR-MCK-63-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर कुल 40 वर्ग फुट के डिस्प्ले क्षेत्र के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 09.02.2026 12:00:00 |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 282/26


## पद्म पुरस्कार 2026

# विजय अमृतराज को पद्म भूषण, रोहित और हमरनप्रीत समेत आठ को पद्म श्री



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कार 2026 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इनमें उल्लेखनीय कार्य के लिए 5 हस्तियों को पद्म विभूषण, 13 को पद्म भूषण और 113 को पद्म श्री सम्मान दिया गया है। सूची में खेल जगत से पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को पद्म भूषण, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर समेत 8 को पद्म श्री मिला है।

### इन खेल हस्तियों को मिला पद्म श्री

इस साल पद्म श्री सम्मान हासिल करने वालों में पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा, महिला वनडे विश्व कप 2025 की विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर, पेरिस पैरालिंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया, देश में महिला हॉकी में क्रांति लाने वाले कोच बलदेव सिंह, भगवानदास रायकवार और मार्शल आर्ट स्टार के पजानिवेल शामिल है। इसी तरह पूर्व कुश्ती कोच व्लादिमीर मेस्तविरिशविली को मरणोपरांत पद्म श्री दिया गया है।



### अतिका क्वालीफाइंग में दूसरा स्थान पाने वाली पहली भारतीय

ला कोंका (इटली)। भारत की 11 वर्षीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर ने डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर कार्टिंग सीरीज में शानदार शुरुआत की और वह 37 ड्राइवरों के क्वालीफाइंग ग्रिड में दूसरा सबसे तेज समय निकालने वाली पहली भारतीय बन गईं। अतिका ने 2026 में मिनी (8 से11 वर्ष की आयु) से जूनियर श्रेणी (12 से 14 वर्ष की आयु) में जाने के बाद पहली बार ओकेएनजे वर्ग में ड्राइविंग करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अतिका ने 49.76 सेकंड का समय निकाला। वह एक समय पोल पोजीशन हासिल करने की स्थिति में थी लेकिन अंतिम क्षणों में फिनलैंड के लियो लैटिनन ने उन्हें पीछे छोड़ दिया।

### अंडर-19 विश्व कप 2026: भारत ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर दर्ज की लगातार तीसरी जीत



**नई दिल्ली।** अंडर-19 विश्व कप 2026 के 24वें मुकाबले में भारतीय टीम ने बारिश से बाधित मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम की टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। वहीं, न्यूजीलैंड पहला मुकाबला हारी है। न्यूजीलैंड की पारी के 7 ओवर के बाद बारिश से मैच 37-37 ओवर का किया गया। इसके बाद कीवी टीम 36.2 ओवर में 135 रन पर ढेर हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत को डकवर्थ लुईस नियम से 130 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने कप्तान आयुष म्हात्रे (53) और वैभव सूर्यवंशी (40) की पारियों से महज 13.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में पूर्व भारतीय क्रिकेटर मार्टिन गिरफ्तार



**वडोदरा।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर जैकब मार्टिन को शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मंगलवार तड़के जैकब ने वडोदरा में अपनी लग्जरी एसयूवी चलाते हुए कथित तौर पर शराब के नशे में सड़क किनारे खड़ी तीन कारों में टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि हादसे के कुछ घंटे बाद 53 वर्षीय मार्टिन को हिरासत में लिया गया। मार्टिन ने भारत के लिए 10 वनडे मैच खेले हैं। पुलिस ने कहा कि मार्टिन रात करीब 2:30 बजे नशे की हालत में वाहन से नियंत्रण खो बैठे और एक घर के बाहर खड़ी तीन कारों को टक्कर मारी। अकोटा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## दिल्ली दंगल ने मुंबई टाइगर्स के खिलाफ दो अंक हासिल किए

**नोएडा।** शीर्ष भारतीय पहलवान सुजीत कलकल की कप्तानी वाली दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने मंगलवार को यहां प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) में मुंबई दंगल टाइगर्स के खिलाफ शुरुआती नौ मुकाबलों में से पांच जीतकर हाफ टाइम तक दो मैच अंक हासिल कर लिए। तीन मैच में दो अंक के साथ इस मुकाबले में उतरी दिल्ली ने शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई और चार मैच में चार अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में खुद को मजबूती से बनाए रखा। दिल्ली ने 74 किलोग्राम पुरुष वर्ग में तुरान बायरामोव के दीपक के खिलाफ जीत से बढ़त हासिल की। यह लय 62 किलोग्राम महिला वर्ग के मुकाबले में भी जारी रही जिसमें अंजलि ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए ओल्हा पाडोशिक को 19-10 से हराया। 76 किलोग्राम महिला वर्ग के मुकाबले में अनास्तासिया अल्पीयेवा ने ज्योति बेरवाल पर जीत हासिल की जिससे दिल्ली 3-0 से आगे हो गई।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | रेवाड़ी जिले में बावल में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स आवासीय मकानों के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास + 1 कार्य। | 21.01.2026 10.02.2026 | 25.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला कैंट में नागरिक हस्पताल में चिकित्सकों / पैरामेडिकल स्टाफ के लिए आवासीय एक्मॉडेशन का निर्माण, पार्ट Â□" I I.E. (टी-2, टी-3, टी-6, रोड और पार्किंग तथा अग्निशमन सेवाएं) (बकाया कार्य)। | 20.01.2026 02.02.2026 | 960.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा (पी-2) : जलापूर्ति योजना सिरसा कस्बा का संवर्धन, बूस्टिंग स्टेशनों, सिरसा कस्बा जिला सिरसा में (अमरूत-2 के तहत) अतिरिक्त संरचनाओं का निर्माण और आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाना, "तृतीय जलघर संरचनाओं, एमबीएस-1, एमबीएस-2 और बूस्टिंग स्टेशनों समेत स्वच्छ जल टैंकों, पम्प चेम्बर, चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी, डी.जी. सैट का निर्माण, विद्युत ट्रांसफॉर्मर, गैस क्लोरीनेटर, राइजिंग मेन लाइंस, एफएचटीसी और वितरण पाइप लाइंस इत्यादि बिछाना, 3 माह के ट्रायल रन के सफलतापूर्वक पूर्णता के पश्चात 12 माह की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान और उसके पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण 5 वर्ष के लिए ओ एवं एम।" | 19.01.2026 16.02.2026 | 3787.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | चाहरवाला :- आरसीसी पाइप इनलेट चैनल को बदलना, 1 अदद आरसीसी एस/एस टैंक आकार :- 35.00×120.00×2.44 मी., 1 अदद आरसीसी हाई लेवल टैंक आकार :- 7×4.73×1.83 मी., 2 अदद आरसीसी फिल्टर बैड आकार 10.20×6.80 मी. का निर्माण, हैड वर्क्स पाइप लाइन बिछाना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, लाइटिंग व्यवस्था, सी.सी. रोड और पथ, पम्पिंग मशीनरी की आपूर्ति व स्थापना, वितरण पाइप लाइन बिछाना, बहाली और नये कनेक्शन, मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत और चाहरवाला में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 22.01.2026 18.02.2026 | 457.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 5 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | दर अनुबंध पर वाहनों को उपलब्ध करवाने के लिए फर्म का पैनल तैयार करना (3 वर्ष के दौरान)। | 23.01.2026 12.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | इन्द्री जिला करनाल में चोरपुरा में जीआईटीआई बिल्डिंग का निर्माण (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 23.01.2026 29.01.2026 | 124.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | गांव शिमली ब्लॉक रोहतक जिला रोहतक में 'चोटा बाबा तालाब' ग्रामीण तालाब का पुनरोद्धार + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | 327.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव निगधु ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निकट दो आंगनवाड़ी केन्द्र को पूरा करना। | 21.01.2026 30.01.2026 | 5.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | गांव बरनाला ब्लॉक अम्बाला-II में लंगर हॉल तालाब का कायाकल्प। | 23.01.2026 29.01.2026 | 23.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | डाबरी - गांव डाबरी ब्लॉक चिराव में डाबरी मेन रोड से डेरा अमरीक सिंह तक टो-वॉल (चौड़ा करना) का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 3 कार्य। | 21.01.2026 30.01.2026 | 28.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज करनाल | ब्लॉक करनाल में गांव डाकवाला गुजरान में सामुदायिक केन्द्र (1 एकड़) का निर्माण, सी.एम. घोषणा कोड सं. 27547 के तहत, स्कीम-एचजीवीवाई। | 24.01.2026 05.02.2026 | 186.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण भिवानी | गांव - केलंगा, ब्लॉक-भिवानी, जिला-भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सलाइन और वाटर लॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 21.01.2026 02.02.2026 | 153.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/280/42416/I/88/6 दि. 27.01.26


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28





भारत-ईयू के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता

# पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर होगा असर, भारत से निर्यात होने वाले सभी सामानों पर यूरोप के 27 देशों में शून्य या बहुत कम 'कर' लगेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के साथ वह करार कर लिया है जिस पर पूरी दुनिया की आंख लगी हुई थी। 'मदर ऑफ डील्स' कहे जा रहे इस समझौते से भारत को बड़े लाभ होने की संभावना है। भारत की निर्यात श्रेणी की लगभग सभी वस्तुओं को यूरोप के 27 देशों में शून्य या बेहद कम टैक्स दरों पर प्रवेश मिल जाएगा।

इससे देश के कृषि उत्पादकों, सेवा प्रदाता कंपनियों, दवा-कपड़ा निर्माण क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों को लाभ होगा। इससे बड़ी संख्या में रोजगार निर्माण होने की भी संभावना है। हालांकि, इस डील से अमेरिका और चीन के आर्थिक समीकरणों को नई चुनौती मिल सकती है क्योंकि अमेरिका ने भारी टैरिफ लगाकर और चीन ने संवेदनशील वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर भारत पर जिस तरह दबाव बनाने का काम किया था, इस डील से उनके 'अर्थहीन' रह जाने की संभावना है।




भारत और यूरोपीय संघ की डील के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ भारत और यूरोपीय संघ के अधिकारी

### भाजपा ने किया स्वागत

ईयू से हुई इस डील का भाजपा ने स्वागत किया है। पार्टी के कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि ये डील भारत-यूरोप के 200 करोड़ लोगों के लिए लाभ का सौदा साबित होने वाली है। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार और निर्यात में बढ़ोतरी होगी और कृषि क्षेत्र को मदद मिलेगी। उन्होंने इसे बड़ी डील करार देते हुए कहा कि यह केवल भारत-यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था को ही प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ेगा।

**यूरोपीय परिषद अध्यक्ष कोस्टा बोले**

## मैं प्रवासी भारतीय नागरिक, मुझे इस पर गर्व



यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि भारत और ईयू साझा जिम्मेदारियों के दायरे को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मैं यूरोपीय परिषद का अध्यक्ष हूं, लेकिन मैं एक प्रवासी भारतीय नागरिक भी हूं। इसलिए मेरे लिए इसका विशेष महत्व है। मुझे गोवा से जुड़ी अपनी जड़ों पर गर्व है, जहां से मेरे पिता का परिवार आया था।

### यूरोप ने अमेरिका को धोखा दिया: बेसेंट



ट्रंप सरकार में ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने इसे 'यूरोप का अमेरिका को दिया गया धोखा' करार दिया है। यह डील करके यूरोप ने उस युद्ध को अप्रत्यक्ष तरीके से फाइनेंस करने का काम कर रहा है जो उसी के खिलाफ लड़ा जा रहा है।

### घबराए ट्रंप ने 10% टैरिफ हटाया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में यूरोपीय देशों पर 1 फरवरी से 10% टैरिफ लगाने की धमकी दी तो, यूरोप ने अमेरिका पर 'ट्रेड बाजूका' लगाने की धमकी दी। आखिरकार दुनिया को टैरिफ से डराने वाले ट्रंप को ईयू के 27 देशों के आगे झुकने पड़ा।

## डील से 75 अरब डॉलर के निर्यात के अवसर खुलेंगे

*पीएम मोदी ने बताया कि इस डील से 75 अरब डॉलर (6.41 लाख करोड़ रुपए) के निर्यात के रास्ते खुलेंगे। ईयू की 9,425 लाइनों पर भारतीय निर्यात के लिए टैरिफ खत्म होगा। साथ ही बताया गया कि इससे भारतीय मैन्युफैक्चरर्स और एमएसएमई के लिए आगे बढ़ने के रास्ते खुलेंगे और यूरोप के हाई-वैल्यू ग्राहकों तक सीधी पहुंच मिलेगी।*

**भारतीय छात्रों को लाभ:** भारत को यूरोप के आईटी, फाइनेंशियल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों तक पहुंच मिलेगी। यह समझौता छात्रों के लिए भी बड़ी सौगात लेकर आया है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जारी पोस्टर में बताया कि इस डील के तहत छात्रों को शिक्षा के बाद नौ माह का गारंटीड वीजा मिलेगा।

**एआई और सेमीकंडक्टर क्षेत्र को मजबूती:** समझौते के तहत ईयू और भारत एआई, क्लीन टेक और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में कॉरपोरेशन को मजबूत करेंगे। किसानों और हमारे छोटे उद्योगों के लिए यूरोपीय मार्केट तक पहुंच को आसान बनाएगा, मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा और हमारे सर्विसेज सेक्टर के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा।

**एमएसएमई सेक्टर को मिलेगा लाभ:** डील से भारत के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों और एमएसएमई सेक्टर को लाभ होगा। कपड़े और कृषि उत्पादों के मामले में देश का सबसे कमजोर या मध्य वर्ग ही काम करता है। ऐसे में यूरोपीय देशों से व्यापार में वृद्धि होने से इस वर्ग को लाभ मिलेगा।

## जीरो ड्यूटी का रास्ता साफ, निर्यात को मिलेगी रफ्तार

*भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से देश के अधिक श्रम उपयोग वाले सेक्टर्स को बड़ी राहत मिली है। इस समझौते के तहत लेदर एंड फुटवियर, टेक्सटाइल, जेम्स एवं ज्वैलरी जैसे सेक्टर्स अब यूरोप के 27 देशों में जीरो ड्यूटी पर निर्यात कर सकेंगे।*

### श्रम-आधारित उद्योगों को मिलेगा सीधा लाभ

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत-ईयू एफटीए से अधिक श्रम उपयोग वाले सेक्टर्स को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा और उनके निर्यात में तेज इजाफा देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह डील रोजगार सृजन और उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### टैक्सटाइल और अपैरल को फायदा

एफटीए के तहत यूरोप को भारत से होने वाले टैक्सटाइल और अपैरल निर्यात पर अब जीरो ड्यूटी लगेगी। इससे भारतीय निर्यातकों को ईयू के 263 अरब डॉलर के टेक्सटाइल बाजार में सीधे प्रवेश का मौका मिलेगा। केंद्रीय मंत्री के अनुसार इस समझौते के बाद लेदर और फुटवियर उत्पादों पर लगने वाली ड्यूटी, जो पहले करीब 17% तक थी, अब पूरी तरह खत्म हो गई है।

## जनगणना 2027: देश भर में फरवरी से दूसरे चरण में जातिवार गणना की जाएगी : गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** जनगणना 2027 के तहत जातिवार गणना देश भर में फरवरी 2027 से शुरू होने वाली आबादी की गणना के दूसरे चरण के दौरान की जाएगी। हालांकि, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में यह सितंबर 2026 में होगी। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने कहा कि जनगणना 2027 के बारे में पूरी जानकारी 12 दिसंबर 2025 को एक प्रेस नोट के माध्यम से बताई जा चुकी है। फिर भी, कुछ लोग जनगणना 2027 और विशेष रूप से जातिवार गणना के संबंध में जानबूझकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। यह पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है कि जनगणना 2027 दो चरणों में की जाएगी, जिसमें दूसरे चरण में जातिवार गणना की जाएगी।

**जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में सितंबर 2026 में होगी**

स्टेट बार काउंसिल में एससी-एसटी आरक्षण मांगने पर भड़के सीजेआई

## 64 साल गुजर गए, अब टूट रही आपकी नींद

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने मंगलवार को ऐसी याचिका सुनवाई हुई, जिसमें देशभर के स्टेट बार काउंसिल्स में एससी-एसटी वकीलों के लिए आरक्षण की मांग की गई थी। राम कुमार गौतम बनाम भारत संघ के मामले में याचिकाकर्ता के वकील ने एससी-एसटी के वकीलों को आरक्षण देने की मांग करते हुए सीजेआई के सामने दलील दी कि जब बार काउंसिल में महिला वकीलों को आरक्षण दिया जा सकता है तो इससमुदाय को क्यों नहीं? जब कानून इस बारे में चुप था, तब भी बार काउंसिल्स में महिला वकीलों को आरक्षण दिया गया।

### चुनाव घोषणा होने के बाद दायर की अर्जी, इनकार किया



सीजेआई, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि यह याचिका स्टेट बार काउंसिल चुनाव की घोषणा होने के बाद दायर की गई है और यह देखते हुए कि चल रहे चुनावों के लिए इस तरह का आरक्षण मांगना बहुत देर हो चुकी है, शीर्ष अदालत ने इस याचिका को सुनने से इनकार कर दिया।

## पीएम ने छात्रों को दिए एग्जाम से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स 'परीक्षा के लिए सबसे जरूरी है लिखने की आदत'

**नई दिल्ली।** देशभर के छात्रों के लिए एक बार फिर 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम चर्चा में है। इस कार्यक्रम से जुड़ा एक छोटा वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे इस बार के इवेंट का ट्रेलर बताया जा रहा है। वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों के साथ खुले मन से बातचीत करते दिख रहे हैं। माहौल काफी हल्का और दोस्ताना नजर आता है, जहां हंसी-मजाक के साथ पढ़ाई और परीक्षा से जुड़े जरूरी मुद्दों पर बात हो रही है। यह वीडियो माई जीओवी के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है। पीएम मोदी ने छात्रों से कहा कि अपनी तैयारी और अपने तरीके पर भरोसा रखें. हर इंसान को सब कुछ नहीं आता, लेकिन हर किसी को कुछ न कुछ जरूर आता है।

**परीक्षा पे चर्चा का ट्रेलर आया सामने**




एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*
कॉर्पोरेट ऑफ़र ₹2200/-*
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Gurgaon.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero- 9289922868; Assandh: Sandhu Hero- 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero- 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero- 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero- 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero- 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero- 9289922433; Gohana: Krishna Hero- 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero- 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero- 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero- 9289922062; Karnal: Nirmal Hero- 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero- 9289922988; Ladwa: Khanna Hero- 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero- 9289922490; Nuh: Sunil Hero- 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero- 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero- 9289922877; Panchkula: Regent Hero- 9289923161; Panipat: Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero- 9289922393; Rewari: Virendra Hero- 9289922060; Rohtak: Shivam Hero- 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero- 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694; Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327, VPS Jindal Motors , Neelambata Road, 9289235889.

FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI